# नये भारत का नया उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट :** 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

**देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट**
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे**
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

**सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज**
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

**उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण





**प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.68 करोड़ किसानों को 68,139 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

**पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

**आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

**हर घर जल योजना** के तहत 2.10 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

**पीएम स्वनिधि योजना** के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

**स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

**पॉवर फॉर ऑल** के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

**24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन** प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

**पीएम मित्र योजना** के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

**सेफ सिटी परियोजना** के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

**स्मार्ट सिटी परियोजना** में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

**मनरेगा** के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण













मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो

एक नजर

### चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद कीं। पुलिस के मुताबिक अफताब को देवा ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि एक मोटरसाइकिल को दो दिन पहले कलेक्ट्रेट के अंदर से व दूसरी मोटरसाइकिल पांच दिन पूर्व रजिस्ट्री आफिस गेट से चुरायी थी।

### पकड़ा गया वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा पुलिस ने शनिवार को एक वांछित अभियुक्त ो गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शफीक पुत्र खातिर निवासी ग्राम मंजीठा थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

# उपेंद्र रावत पर भाजपा ने फिर लगाया दांव

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सांसद उपेंद्र रावत पर ही बाराबंकी से दांव लगाया है। पार्टी द्वारा जारी की गई पहली सूची में ही बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से उपेंद्र रावत प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। उपेंद्र सांसद होने से पूर्व जैदपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के विधायक भी थे।

बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से उपेंद्र रावत के खिलाफ पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत के अलावा भी आधा दर्जन लोग टिकट मांग रहे थे। शनिवार को पहली सूची में उपेंद्र का नाम आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके पहले उपेंद्र रावत शनिवार को जब मीडिया से मुखातिब हुए तो उनके चेहरे की खुशी साफ बता रही थी कि पहली लिस्ट में ही उनका नाम आना तय है। टिकट की घोषणा होते ही जनपद में उपेंद्र सिंह रावत को बधाई देने वालों का तांता लग गया। इनमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल रहे।

# बारिश भी नहीं रोक सकी कांवरियों के कदम

आस्था

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शनिवार की सुबह रुक-रुककर हो रही बरसात भी आस्था में सराबोर कांवरियों के कदम नहीं डिगा सकी। सड़क से लोधेश्वर महादेवा मंदिर तक बारिश के दौरान भी भक्ति की धारा प्रवाहमान रही। हर-हर बम-बम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। कंधे पर कांवर रखे कांवरियों के जत्थों में शामिल बच्चे व महिलाएं भी बारिश के बीच जयकारे लगाते हुए महादेवा के धाम पहुंचे।

कानपुर के बिठूर से जल भरकर 35 कांवरियों का जत्था 29 फरवरी की रात करीब 1 बजे महादेव के लिए पैदल ही रवाना हुआ था जो शनिवार



शनिवार को बारिश में भीगते हुए लोधेश्वर महादेवा की ओर बढ़ता कांवरियों का जत्था। अमृत विचार

को यहां पहुंचो। जत्थे के महंत उमेश यादव व छोटे महंत सतीश के साथ पीयूष, अनुज, शत्ती त्रिपाठी व महिला कांवरिया तुलसा, पूजा, और माया 15 वर्षों से कांवर लेकर पदयात्रा करके आ रही हैं। महंत ने बताया कि मन में शिव की लगन लेकर कंधे पर कांवर रखकर निकले थे यहां तक आने में कोई असुविधा नहीं हुई है।

उन्नाव के बांगरमऊ से 65 कांवरियों का जत्थे के साथ 10 साल के प्रशांत, 12 साल के देव व 13 साल के शिवा कांवर लेकर पदयात्रा करते हुए महादेवा पहुंचे और शिव का जलाभिषेक किया। बाराबंकी के मसौली बांसा नेवला करसंडा निवासी रमेश चंद्र, विश्राम प्रजापति सहित 86 कांवरियों के जत्थे में शामिल 6 महिलाएं सुनीता, कविता, निधि, कलावती विमला महंत आशीष व विमलेश की अगुवाई में कानपुर बिठूर से जल भरकर यहां आए। दिनेश ने बताया कि महंत के सहयोग से भोले बाबा की नगरी तक पहुंचने में कांवरियों को कोई असुविधा नहीं हुई। सदरामऊ से 50 कांवरियों का जत्था पहुंचा। भक्तों ने 126 मीटर लंबा झंडा आदिदेव पर चढ़ाया। अभरन सरोवर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 30 बटालियन पीएसी की फ्लड यूनिट के जवान दो मोटरबोट में तैनात हैं। बटालियन के प्रभारी पेशकार पांडेय के निर्देश में मुख्य आरक्षी रामदरश, देवेश पाठक, आनंद चौहान सहित 18 जवान ड्यूटी पर तैनात हैं।

# अन्नपूर्णा दुकानों में राशन के साथ ही मिलेंगी कई सुविधाएं

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 1100 दुकानों समेत जिले के 15 स्टोर का किया वर्चुअली लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लखनऊ में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 1100 अन्नपूर्णा दुकानों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इनमें से जिले की 15 दुकानें भी शामिल हैं। इन दुकानों में राशन के साथ ही कई सुविधाएं मिलेंगी। वहीं जिले में अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर इनका लोकार्पण किया।

विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पड़रावां में नवनिर्मित अन्नपूर्णा दुकान का लोकार्पण सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, बीडीओ



पड़रावां में दुकान का लोकार्पण करतीं ब्लाक प्रमुख आरती रावत व बीडीओ पूजा सिंह।

पूजा सिंह ने फीता काटकर किया। प्रमुख ने कहा इस अन्नपूर्णा दुकान से कार्ड धारकों को राशन प्राप्त होगा तथा इसी भवन में घरेलू गैस की री-फिलिंग एवं बिजली का बिल जमा करने की सुविधा रहेगी। बीडीओ पूजा सिंह ने कहा कि भवन के पास एक पार्क भी बनाया जाएगा। इस मौके पर एडीओ उमेश पटेल, प्रधान आशा, पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे। बंकी की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में अन्नपूर्णा दुकान का



हरख के सेठमऊ में अन्नपूर्णा दुकान का उद्घाटन करतीं बीडीओ मोनिका पाठक।

उद्घाटन सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी की मौजूदगी में फीता काटकर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य पूर्ति निरीक्षक, पीडी, डीसी मनरेगा, बीडीओ आदि मौजूद रहे। वहीं हरख की ग्राम पंचायत सेठमऊ में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ मोनिका पाठक, एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद, सचिव सूरज कुमार, सलेजा आदि मौजूद रहे। ब्लॉक बनीकोडर के ग्राम पंचायत हकामी में बीडीओ डॉ. विनय मिश्रा, ग्राम प्रधान माधुरी देवी, सूरज सिंह आदि थे। फतेहपुर क्षेत्र के कुतलूपुर में अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन सांसद उपेंन्द्र सिंह रावत व विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने किया। विधायक ने बताया कि यह अन्नपूर्णा केन्द्र प्रदेश में बने 1100 अन्नपूर्णा केन्द्रों में तीसरे स्थान पर है। इस मौके पर बीडीओ आलोक वर्मा, पूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी आदि मौजूद थे। रामनगर में ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने शनिवार को अनूपगंज में अन्नपूर्णा दुकान का लोकार्पण किया। इस मौके पर बीडीओ प्रीति वर्मा जॉइंट बीडीओ नंद कुमार पांडेय, एडीओ जयराम आदि थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अदालत से

- 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी किया दंडित
- पीड़ित पक्ष को सात साल बाद मिला न्याय

**अमृत विचार :** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म की घटना में दोषी पाए गए एक अभियुक्त को अदालत ने शनिवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने अभियुक्त को 20 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया।

13 मई 2017 को लखनऊ के एक थाना क्षेत्र के निवासी पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में रामबाबू पुत्र ननकऊ निवासी गौतम खेड़ा थाना निगोहा जनपद लखनऊ के विरुद्ध लोनी कटरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस विवेचना में साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। इस पर शनिवार को अदालत में दोषी पाया गया रामबाबू पुत्र ननकऊ को 10 साल के कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई। पुलिस के मुताबिक यह मुकदमा ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिह्नित किया गया था।

# राष्ट्रीय स्मारक घोषित होगी केडी सिंह बाबू की कोठी

मिला आश्वासन

- मुख्यमंत्रीसेमिलाजनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल
- कानूनी अड़चनें दूर करने के बाद किया जाएगा अधिग्रहण

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** अदालत राजी हुई तो प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी राष्ट्रीय स्मारक घोषित होगी। कोठी में केडी सिंह बाबू की स्मृतियों को संजोया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके लिए राजी हो गए हैं। अदालत की



केडी सिंह बाबू की कोठी।

बाधा दूर होते ही इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंह गुरुजी ने किया बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कानूनी अड़चनें दूर करने के बाद कोठी का अधिग्रहण कर इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया जाएगा। भारत को हॉकी में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले देश के पहले और अंतिम हेल्म्स ट्राफी विजेता बाबू केडी सिंह का इसी कोठी में बचपन बीता था। कोर्ट नंबर 16 ने कोठी की सार्वजनिक नीलामी की नोटिस चस्पा कर दी है। इसके तहत 11 मार्च को कोठी की नीलामी की तिथि मुकर्रर है। इस विशाल कोठी से न केवल बाबू केडी सिंह की यादें जुड़ी हुई हैं। बल्कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के समकालीन कवि एवं साहित्यकार उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह का बचपन भी इसी कोठी में बीता था। कोठी का निर्माण उनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह ने कराया था। केडी सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में एक बड़ा नाम हैं। बाराबंकी में भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है। 14 वर्ष की अवस्था में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया था। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है। उन्हें हेल्म्स थर्ड फाउंडेशन ने उन्हें हेल्म्स ट्रॉफी प्रदान की थी। जिसे अंतरराष्ट्रीय जगत में खेल का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।

# नहर में उतराता हुआ मिला युवक का शव

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम कसरैलाडीह स्थित दरियाबाद ब्रांच समानान्तर शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार को कसरैलाडीह झाल में एक युवक का शव उतराता दिखा। इसके बाद वहां पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव हमराही पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवा कर पहचान कराने का प्रयास किया किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सार-संक्षेप

### 60 छात्र-छात्राओं को मिली स्मार्टफोन की सौगात



मानपुरिया कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

**हरख, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित मानपुरिया कॉलेज में शनिवार को 60 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। हरख ब्लॉक स्थित मनपुरिया कॉलेज और एकेडमिक और प्रोफेशनल स्टडीज में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख अनंत वर्मा ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता, रिपुदमन सिंह, प्रभात कुमार वर्मा, विनय कुमार, रामकिशन सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### छप्पर में आग लगाने का लगाया आरोप



आग से जला छप्पर। अमृत विचार

**सूरतगंज-बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के सकतापुर निवासी जगतराज ने गांव के मयाराम पर छप्परनुमा घर जलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। पीड़ित के मुताबिक आग से करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान का अनुमान है।प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### दूसरी बस के यात्री के पास मिला चोरी का बैग, केस दर्ज

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार :** हाईवे के एक होटल पर रुकी प्राइवेट बस से एक यात्री का बैग चोरी होने के बाद हड़कंप मच गया। बस स्टाफ की सूझबूझ से बगल में खड़ी दूसरी बस में तलाशी के दौरान एक युवक के पास से बैग बरामद किया गया। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई और चोर को गिरफ्तार किया। पीड़ित सवारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। राकेश कुमार बैरवा निवासी आरामपुर तहसील बामनवास जखोलास खुर्द कोतवाली सवाई माधोपुर राजस्थान ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वह बिहार में एक राज्य कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार को गोरखपुर से अंशी राज बस सर्विस की बस पर सवार हो कर अपने घर के लिए निकला था। तभी रात 10 बजे कोतवाली रामसनेहीघाट के नेशनल हाईवे के पास सालासर ढाबा पर बस रुकी थी। जब वह भोजन करके बस पर सवार हुआ तो उसके बर्थ से उसका बैग गायब था। बस से बैग चोरी होने की घटना से हड़कंप मच गया। बस के स्टाफ ने सभी सवारियों के साथ होटल की भी चेकिंग की और बगल में खड़ी मारुति ट्रेवल्स की बस की चेकिंग की। इस दौरान बस पर सवार निरंजन पुत्र धर्मवीर निवासी बुरेरा खेरागढ़ कमिश्नरेट आगरा के पास से यात्री का बैग बरामद हुआ। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से मां की मौत, पुत्र घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार :** अन्तिम संस्कार में शामिल होने के पश्चात् बाइक से मां बेटे अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे मां की मौत हो गई और उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के टडवा नूरपुर निवासी फातिमा (60) अपने पुत्र हारून के साथ शनिवार को बाइक से फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अछैचा में परिचित के अन्तिम संस्कार में शामिल होने गई थी। वहां से फातिमा अपनी ननद के यहां जाने के लिए बाइक से निकलीं। सिहाली सुढियामऊ मार्ग पर ग्राम शेखपुर अलीपुर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में मां और पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने फातिमा को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई थी। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

# तिलक समारोह में मारपीट और फायरिंग, दो घायल

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा के टिकरिया में तिलक समारोह के दौरान डीजे पर डांसरों के साथ नाचने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष ने फायरिंग भी की। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के माती चौकी अंतर्गत टिकरिया में शुक्रवार की रात विनय यादव का तिलक था। गांव के ही आकाश व रवि डीजे बजा रहे थे। स्टेज पर डांसर नृत्य कर रही थी। इसी दौरान गांव का कन्हैया साथियों के साथ स्टेज पर डांसरों के साथ डांस करने की कोशिश करने लगा। डीजे संचालक ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में रवि रावत के सिर पर चोट लग गई। यह देख गांव के लोग भड़क गए और कन्हैया यादव और उनके साथियों को दौड़ाने लगे। माहौल बिगड़ता देख कन्हैया यादव व उसके साथियों ने तमंचे से फायर कर दिया। आरोप है कि रवि व आकाश के को छर्रे लगे हैं हालांकि मेडिकल जांच में पुष्टि नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि विजय की तहरीर पर कन्हैया, राजेंद्र और शेरा और दो अज्ञात के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

# 44 लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न स्थानों की पुलिस द्वारा 44 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई।

इस दौरान फतेहपुर थाने की पुलिस ने महबूब पुत्र जाहीद निवासी ग्राम बेहटा छावनी महमूदाबाद थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर व फहीम पुत्र स्व. वसीर निवासी चीनीमील कांशीराम कालोनी महमूदाबाद थाना महमूदाबाद द सीतापुर को नवनिर्मित पानी टंकी मोहल्ला फैय्याजपुरा के पास से गिरफ्तार किया । आरोपियों के पास से दो मोटरसाइकिल एक अवैध तमंचा व 12 बोर का कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ के असर से शनिवार को जिले में दिन भर मौसम बदला रहा। पूरे दिन आसमान में बादल घिरे रहे। वहीं शहर सहित जिले के अनेक इलाकों में बूंदाबांदी हुई। इस दौरान तेज हवा चली तो एकाएक ठंड भी बढ़ गई। अचानक बदले मौसम ने आलू और सरसों की फसल उगाने वाले किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं, ज्यादा बारिश होती है तो गेहूं की फसल को भी नुकसान की आशaका है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी बारिश की संभावना है।

जिले में आलू और सरसों की फसल लगभग पक चुकी है। ऐसे में बारिश दोनों फसलों को खराब कर सकती है। बारिश का पानी लगने से आलू का रंग काला पड़ सकता है।



बारिश के कारण सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

आलू सड़ सकता है। सरसों के दाने भी बारिश में भीगकर खराब हो सकते हैं। बारिश और होगी तो गेहूं की फसल में भी नुकसान होगा। किसानों ने बताया कि आलू और सरसों की फसल बारिश में भीगकर खराब हो सकती है। उधर, बारिश के कारण देहात व नगरीय क्षेत्र में बिजली गुल रहने की सूचना मिली है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार रविवार को भी ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना है। वहीं पिछले कई दिनों से तेज धूप के चलते लोगों के शरीर से गर्म कपड़े हट गए थे लेकिन बारिश और तेज हवाएं चलने से अचानक मौसम ठंड हो गया है। इसके चलते शनिवार को लोग गर्म कपड़ों में दिखे।

कार्यक्रम

जिला मुख्यालय पर रखी गईं सुझाव पेटिकाएं, गांव-गांव पहुंचेगी एलईडी वैन, आज से शुरू होगा अभियान

# संकल्प-पत्र के लिए भाजपा बुद्धिजीवियों व लोगों से लेगी सलाह

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र तैयार करने से पूर्व इस पर बुद्धिजीवियों और ग्राम वासियों से सलाह लेगी। इसके लिए जिला मुख्यालय पर दो सुझाव पेटिकाएं लगाई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए एलईडी वैन रवाना की जाएगी। यह अभियान रविवार से प्रारंभ होगा।

शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद उपेंद्र रावत और जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि यह अभियान 3 से 15 मार्च तक चलेगा। इसके लिए दो एलईडी वैन यहां पहुंच रही हैं।



पत्रकारों से वार्ता करते सांसद उपेंद्र रावत। अमृत विचार

सुझाव पेटिकाएं आ गई हैं। इसे जिला मुख्यालय पर लगा दिया गया है। इनमें बुद्धिजीवी और आम लोग अपने सुझाव लिखकर डाल सकेंगे। वहीं एलईडी वैन गांव-गांव जाकर किसानों और ग्रामवासियों से भी संकलप पत्र के लिए सुझाव प्राप्त करेगी।

### अभी बाकी हैं कुछ संकल्प : सांसद

सांसद उपेंद्र रावत ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने जो संकल्प लिया था उनमें से कई संकल्प अब तक पूरे नहीं हो सके हैं। बंकी और बाराबंकी को जोड़ने के लिए ओवरब्रिज बनाने का प्रयास अब तक सार्थक नहीं हो सका है। हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के संदर्भ में 6 महीने का ट्रायल स्वीकृत हो गया है। बंकी से बाराबंकी आने के लिए पहले से बने ओवरब्रिज को फिर से बनाया जाएगा। सफदरगंज से रामनगर मार्ग के चौड़ीकरण और मरम्मत करने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने बताया कि शहर में पार्किंग के लिए तीन-चार स्थान चिह्नित किए गए हैं।

### नहीं उतर पाएंगी धरातल पर परियोजनाएं

सांसद उपेंद्र रावत ने स्वीकार किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से कई योजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। महादेवा कॉरिडोर के निर्माण के प्रस्ताव को भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। जो योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, उन पर अभी तक बजट स्वीकृत नहीं हो पाया है। ऐसे में जबकि अधिसूचना जारी होने में चंद दिन ही शेष रह गए हैं तो इन परियोजनाओं को चुनाव से पहले धरातल पर उतार पाना संभव नहीं होगा।

# कांग्रेस और सपा आज तय करेंगे चुनाव की रणनीति

**बाराबंकी अमृत विचार :** बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी के खाते में गई है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी रविवार को एक साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव पर सफलता की रणनीति बनाएंगे ।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की क संयुक्त बैठक का आयोजन रविवार दोपहर एक बजे रामसेवक स्मारक इंटर कॉलेज के आगे एक लॉन में किया जाएगा। दोनों ही राजनीतिक दलों द्वारा इस बैठक की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## एक नजर

### धमकी देने के आरोप में एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना घुंघटेर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त ो गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक जान से मारने की धमकी देने के आरोप में वांछित अभियुक्त राजू उर्फ राजेश पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम अमावा थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

### छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर थाने की एंटी रोमियो पुलिस ने शनिवार को एक मनचले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस के मुताबिक थाना फतेहपुर पर गठित एण्टीरोमियों टीम ने शनिवार को अभियुक्त शुभम पुत्र धनपत निवासी इसरौली फतेहपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार कर थाना फतेहपुर पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया।

### चार पर लगाया अर्थदंड

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट पुलिस द्वारा मारपीट के आरोप में जिन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था उनमें से मो. सलीम, सुगना, जमील पुत्र सलीम व साजिदा बानो पत्नी सिराज निवासीगण सुमेरगंज थाना रामसनेहीघाट को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0-25 ने 1200-1200 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें निस्तारण : जिलाधिकारी

## खराब मौसम के बाद भी समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी:**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 105 शिकायतें आईं। जिसमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों में जांच कर निस्तारण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

शनिवार को तहसील सिरौलीगौसपुर में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। करीब 12 बजे तहसील पहुंचे डीएम-एसपी के समक्ष खराब मौसम के बावजूद भी फरियादियों की लाइन लग गई। जिलाधिकारी ने ध्यानपूर्वक एक-एक फ़रियाद सुनी और उनके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें विकास विभाग से सम्बंधित 26, राजस्व विभाग की 22, पूर्ति विभाग की 16, पुलिस विभाग की 15, एवं जल निगम से सम्बंधित 6,समेत अन्य विभागों से 20 शिकायतें आईं। समाधान दिवस के बाद डीएम और एसपी ने एसडीएम नेहा ब्याडवाल के साथ तहसील परिसर में पांच पौधे भी रोपित किए। इस मौके पर तहसीलदार वैशाली अहलावत, एक्सईएन विद्युत दिलीप कुमार, डॉ. संतोष सिंह, पूर्ति निरीक्षक, एसडीओ वन, सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं तहसील रामसनेहीघाट के सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें राजस्व के 25,पुलिस 3, विकास विभाग 5, व विद्युत विभाग के 5, अन्य मामलों सहित कुल 41 प्रार्थनापत्र आए। इसमें से राजस्व संबंधित चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



सिरौली गौसपुर तहसील सभागार में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह।

### भर्ती पर उठे सवाल, जांच सौंपी

जिलाधिकारी के सम्पूर्ण समाधान दिवस मे क्षेत्र के मुश्काबाद, धुसेडिया, हमीदनगर, औलिया लालपुर आदि ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा से शिकायत किया कि उनके गांवों में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकियों में ग्राम पंचायत से बाहर के कर्मचारी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भर्ती की गई है। जबकि नियमानुसार प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, ऑपरेटर, हेल्पर एवं समूह की ग्राम पंचायत की महिलाओं को पानी टंकी में रखने का प्रावधान है। इस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को आदेशित किया कि जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करें।

# पेंशन के लिए चक्कर काट रहे बुजुर्ग

**काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद बाराबंकी**

**लापरवाही**

▸▸ कागजों के जोर से टूट रही वृद्धा पेंशन धारकों की लाठी

**अमृत विचार :** कागजों में मृत्यु दर्ज होने से वृद्धा पेंशन धारकों के बुढ़ापे में मिलने वाली एक हजार रुपया प्रति माह की पेंशन की लाठी टूट गई । शनिवार को तहसील सिरौली गौसपुर में आयोजित समाधान दिवस में समाज कल्याण विभाग की लापरवाही से कागजों में मृत वृद्ध पेंशन धारक दो बुजुर्गों ने शिकायत की है ।




बुजुर्ग राम लखन।

ब्लॉक सिरौली गौसपुर में समाज कल्याण विभाग की लापरवाही सामने आयी। विकास खंड अंतर्गत हजरतपुर गांव में यू तो दर्जनों बुजुर्गो की पेंशन कागज पर मृत्यु दिखाकर काट दी गई है । लेकिन इसी गांव के निवासी राम लखन पुत्र भगवान दीन व परस राम पुत्र स्व. राजा राम ने आयोजित समाधान दिवस में जिला अधिकारी से शिकायत की है । हजरतपुर निवासी परशुराम का कहना है कि एक साल से चक्कर काट रहे है जहां जाओ वहां हमें मृत बताया जाता है ।

सरकार द्वारा दी जा रही बुजुर्गो की पेंशन जब कट गई तो दरअसल जीवित होते हुए सरकारी रिकार्ड में मृत दिखा कर बुढ़ापा, विधवा पेंशन काटे जाने के बाद पीड़ितों ने कहा कि पिछले एक साल से उन्हें पेंशन नहीं मिल रही है। जब पेंशन कटने को लेकर अधिकारियों के ऑफिस गए तो अधिकारियों ने बताया कि आप सरकारी रिकार्ड में मृत हो चुके है । जीवित होने के बावजूद हम लोगों को मृत दिखाकर पेंशन काटी गई है। पीड़ितों ने कहा कि बार-बार अधिकारियों के चक्कर काटने के बावजूद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है । सरकार द्वारा दी जा पेंशन हम बुजुर्गो का सहारा है । लेकिन हमको कागजों पर मृत्यु कर दिया गया है । परस राम ने बताया कि गांव में दर्जनों लोगो को मृत दिखाकर पेंशन काट दी गयी है । एक साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहे। जहां जाओ वहां मृतक बताया जाता है जबकि हम जिंदा हैं। वहीं यही कहना राम लखन का भी है । राम लखन ने बताया कि अब हम अपने जिंदा होने का प्रमाण विभाग को कैसे दें ।

## अकोहरी रारी नदी के पुल की रेलिंग पर चढ़ा अनियंत्रित ट्रेलर

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग के अकोहरी रारी नदी के पुल की दीवार पर अनियंत्रित ट्रेलर पुल की रेलिंग पर चढ़ गया। असंद्रा के हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर रारी नदी के पुल पर हैदरगढ़ की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग पर चढ़ गया। चालक परिचालक दोनों बाल-बाल बच गए।



रारी नदी के पुल की रेलिंग पर चढ़ा ट्रेलर।

**कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी**

पत्रांक : 1760/लेखा/रा0औ0प्र0बेलहरा/2023-24 दिनांक 02.03.2024

**नीलामी नोटिस**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नीलामी नोटिस संख्या-1708/लेखा/प्रक्षेत्र-बेलहरा/आम फसल बहार-नीलामी/2023- 24/दिनाँक-22 फरवरी, 2024 के द्वारा राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बेलहरा, बाराबंकी में वर्ष 2023-24 की आम फसल बहार की नीलामी प्रक्षेत्र प्रांगण में दिनाँक-11 मार्च, 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे की जायेगी। रू0-10000.00 (रुपया दस हजार मात्र) अर्नेस्ट मनी जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी प्रभारी, राजकीय प्रक्षेत्र बेलहरा एवं कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, विकास भवन, बाराबंकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**महेश कुमार श्रीवास्तव**
**जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी।**

# डोली उठने से पहले उठी ससुर की अर्थी

**दरियाबाद बाराबंकी**

▸▸ मातम में बदल गयीं शादी की खुशियां

**अमृत विचार :** इंसान की मौत कब होगी, कहां होगी, कैसे होगी इसका अनुमान कोई लगा नहीं सकता है। आम आदमी की जिंदगी में कब क्या हो और समय क्या रंग दिखाता है। कुछ कहा नहीं जा सकता है।

एक ऐसी ही घटना दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के नोहरेपुर गांव में घटी। जहां एक पिता अपने पुत्र का गृहस्थ जीवन बसाने के लिए हंसी खुशी उल्लास से भिटरिया-दरियाबाद मार्ग पर स्थित राजा राम लान गया था। सभी कार्यक्रम निपट भी गए थे । सुबह जब प्रधान प्रमोद कुमार के पिता अपनी ससुराल स्नान करने पहुंचे तो वहां उनकी ह्रदय गति रुकने से मौत हो गई।। इस खबर से मांगलिक कार्यक्रम में व्याप्त खुशी का माहौल एकाएक मातम में बदल गया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



रोते-बिलखते परिवार वाले। अमृत विचार



परिवार की रोती-बिलखती महिलाओं को संभालती पड़ोस की महिलाएं।

# खड़े ट्रक से टकरायी बस

**राम सनेही घाट बाराबंकी**

**अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर शनिवार सुबह सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ओवरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे गिट्टी लदे खड़े ट्रक से पीछे से टक्करा गयी। हादसे में बस में सवार कई सवारियों को मामूली चोटें आई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोतवाली राम सनेही घाट के अयोध्या-लखनऊ पर शनिवार की सुबह एक स्लीपर कोच बस लगभग 94 सवारियों को लेकर दिल्ली से बिहार के मुजफ्फरपुर जा रही थी। तभी पटेल महाविद्यालय सुमेरगंज के पास ओवरटेक कर रही बस एक होटल पर खड़े बजरी लदे ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गयी। इस हादसे में दर्जनो सवारियों को हल्की-फुल्की अंदरूनी चोटें आई और दो सवारी सुधीर पुत्र राम अधार (28) ग्राम पुरे रामपुर विश्वनाथ थाना सरईया जिला मुजफ्फरपुर, विश्वनाथ मांझी पुत्र महेश (26) ग्राम प्रह्लादपुर थाना मुसहरी ब्लॉक जिला मुजफ्फरपुर दोनों को सीएचसी रामसनेहीघाट मैं भर्ती कराया गया । जिसके एक के कंधे पर चोटिल हुआ दुसरे के पैर में चोट आई । इसके साथ ही मामूली रूप से घायल सवारियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। बता दें कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।



दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुसुम्भा विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 02/03/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुसुम्भा विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 -024 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

1 - आंगनबाड़ी केंद्र कुसुम्भा का मरम्मत कार्य

**स्वीकृत लागत -** 3 लाख

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट,सीमेंट , मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 17/03/2024 को खुलेगा।

नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं ।

(1). प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2). सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3). सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा
(4). जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**फूलमती,** प्रधान **यशवंत सिंह,** सचिव
**ग्राम पंचायत कुसुम्भा , विकास खण्ड देवा बाराबंकी**

# बुनियादी शिक्षा के लिए सरकार कर रही बेहतर प्रयास : राज्यमंत्री

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी**

**अमृत विचार:** बीआरसी केंद्र व कम्पोजिट स्कूल कोटवा सड़क के प्रांगण में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यमंत्री सतीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गये।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर चंद्र शेखर यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम नवप्रवेशी बच्चों को औपचारिक शिक्षा' से जोड़ने के लिए किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य द्वारा प्री-प्राइमरी हेतु किये जाने वाले प्रयासों से जनसमुदाय को अवगत कराने के साथ अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी व घर की भूमिका से अवगत कराना है। इसके अलावा 3 से 8 वर्ष के बच्चों के नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को जागरूक करना भी है। कार्यक्रम में ब्लॉक के 60 निपुण बच्चों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार से प्रोत्साहित किया गया। इसमें 12 न्याय पंचायतों से 5-5 बच्चे व नोडल संकुल सम्मिलित हुए। राज्यमंत्री द्वारा 32 अतिरिक्त कक्षा का शिलान्यास शिलापटों का अनावरण करके किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बुनियादी शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिवेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर सुधाकर,डॉ. नरेंद्र प्रकाश, सुधीर तिवारी, श्रीश, राजेश सिंह, सोम प्रकाश आदि मौजूद रहे।



स्टाल का अवलोकन करते राज्यमंत्री।

# 15वें और राज्य वित्त के 250 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। बीडीओ आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र पंचायत में पन्द्रहवें एवं राज्य वित योजना के अन्तर्गत 250 करोड रूपये की कार्ययोजना बनाने के लिए क्षेत्र पंचायत के सदस्यों से प्रस्ताव की मांग की गई है। इसमें मनरेगा योजना के तहत 2334.86 करोड लेबर बजट व श्रम सामग्री सहित बजट पास हुआ। इसके साथ ही 6 लाख नौ हजार 95 श्रमिकों के मानव दिवस का अनुमोदन किया गया। ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने हिस्सा लिया। विधायक ने कहा कि गांव में सरकार बनने के पश्चात् प्रत्येक गांव में तेजी से विकास कार्य किये जा रहे हैं। ब्लॉक आने वाले ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो इसीलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सचिव की बैठने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू होने वाली है, इससे पूर्व ग्राम पंचायतों में जो भी हैण्डपम्प खराब पडे हुए हैं तथा रिबोर नहीं हुए हैं उनको तत्काल दुरुस्त कराया जाये। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने गांव में विकास कार्यां को कराये जाने को लेकर विधायक से आग्रह किया। इस मौके पर देशराज वर्मा, प्रेम प्रकाश वर्मा, विशेष कुमार वर्मा, हंसराज वर्मा, अखिलेश आदि थे।

# थम नहीं रहा महादेवा मंदिर के चढ़ावे का विवाद

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा मंदिर के चढ़ावे का विवाद थम नहीं रहा है। इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप और शिकायतों का दौर जारी है। फाल्गुनी मेले में करोड़ों के चढ़ावे को लेकर पुरोहित परिवार व मठ के रिसीवर आमने-सामने हैं।

पुरोहित परिवार ने मठ रिसीवर व ठेकेदारों पर मंदिर का पूरा लाभांश हड़पने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर अपनी 50% की हिस्सेदारी दिलाए जाने की मांग की है। लोधेश्वर महादेवा मठ मंदिर के पुरोहित परिवार ने पोर्टल पर शिकायत कर कहा कि प्रसिद्ध तीर्थ स्थल महादेवा में लगने वाले मेला प्रचलित है। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में चढ़ावा आता है। इसमें पुरोहित परिवार की 50% की हिस्सेदारी है।

लेकिन उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर में नियुक्त मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी अवैध रूप से मेला का ठेका उठाते हैं और ठेकेदारों के साथ मिलकर मंदिर का लाभांश हड़प लेते हैं। पुरोहित परिवार का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन से की। लेकिन आज तक हम लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवकलिया, विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 02/03/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवकलिया, विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 - 024 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

1 - इंटरलाकिंग से रंजीत के घर तक व सीसी रोड से गुड्डू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य

स्वीकृत लागत - **1.64 लाख**

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट,सीमेंट , मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 17/03/2024 को खुलेगा।

**नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**

(1) .प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2). सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**फूलमती,** प्रधान **यशवंत सिंह,** सचिव
**ग्राम पंचायत देवकलिया, विकास खण्ड देवा बाराबंकी**

**मिला बजट** बनीकोडर ब्लॉक के सनौली में चिह्नित की गयी भूमि, चार सौ से अधिक संरक्षित हो सकेंगे गोवंश

# सवा करोड़ की लागत से वृहद गौशाला का होगा निर्माण

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिले में छुट्टा मवेशियों को संरक्षित करने के लिए एक करोड़ 25 लाख की लागत से एक और वृहद गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए बनीकोडर ब्लॉक के सनौली ग्राम पंचायत में भूमि की तलाश पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही शासन स्तर से इसके निर्माण की स्वीकृति मिलने के साथ ही पूरा बजट भी मिल गया है। निर्माण कार्य कराने की जिम्मेदारी राजकीय प्रोजेक्ट कार्पोरशन लिमिटेड को मिली है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर पशुपालन विभाग नजर रखेगा। इस वृहद गोशाला में 400 से अधिक गोवंशों की रखने की व्यवस्था की जाएगी।



किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे छुट्टा मवेशियों को पहले अस्थायी फिर वृहद गौशालाओं में संरक्षित करने की योजना प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई थी। इसके अलावा अभियान चलाकर भी इधर-उधर घूम रहे गोवंशों को पकड़ कर उन्हें संरक्षित किया गया है। अब जिले में एक और नयी वृहद गौशाला बनाने की तैयारी की गई है। इस बार यह वृहद गौशाला बनीकोडर ब्लॉक के सोनौली ग्राम पंचायत में बनेगी। इसके लिए पर्याप्त भूमि की व्यवस्था पूर्व में ही कर ली गयी थी। शासन से बजट की डिमांड पशुपालन विभाग ने की थी। इस पर शासन ने अंतिम मुहर लगाते हुए निर्माण कार्य की स्वीकृति दे दी है साथ ही एक करोड़ 25 लाख का बजट भी उपलब्ध करा दिया है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था राजकीय प्रोजेक्ट कारपोरशन लिमिटेड को मिली है। बजट मिलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इस बजट से भूसा गोदाम, कार्यालय, टिन शेड के निर्माण के साथ, पेयजल, प्रकाश आदि की व्यवस्था कराई जाएगी। बनीकोडर ब्लॉक की यह दूसरी वृहद गौशाला होगी। बताया जा रहा है कि इस वृहद गौशाला में करीब चार सौ से अधिक की संख्या में मवेशियों को संरक्षित करने की व्यवस्था रहेगी।

### पांच वृहद गौशालाओं में संरक्षित हैं तीन हजार गोवंश

वैसे जिले में 107 अस्थायी गौशालाएं स्थापित हैं जबकि बनीकोडर ब्लॉक के कंधईपुर, बंकी ब्लॉक के निबलेट, त्रिवेदीगंज के सोनिकपुर, निंदूरा के अगासंड और सूरतगंज ब्लॉक के भिठौली खास गांव में वृहद गौशालाएं बनाई गई है। इनमें जहां करीब तीन हजार गोवंश संरक्षित हैं। वहीं अस्थायी गोशालाओं समेत पूरे जिले में करीब 37 हजार से अधिक मवेशियों को संरक्षित किया जा रहा है।

### हर ब्लॉक में बनायी जाएगी वृहद गौशाला

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ .अतुल कुमार अवस्थी ने बताया कि बनीकोडर ब्लॉक में दूसरी वृहद गौशाला बनने जा रही है। इसके अलावा पांच अन्य वृहद गौशालाएं संचालित हैं। कोशिश है कि सभी ब्लॉकों पर एक-एक वृहद गौशाला का निर्माण हो जाए। इससे अच्छी तरह से मवेशियों का संरक्षण हो सकेगा।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**परसपुर, गोंडा :** थाना क्षेत्र के ग्राम दूबे पुरवा बरतरा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जिसमें तीन लोग चोटिल हो गए। पीड़ित ओमकार दूबे ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में नामजद चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शनिवार को दोपहर में उसके नम्बर की जमीन में आकर विपक्षियों ने उससे अभद्रता व मारपीट किया। वहीं इसी मामले में बृजेश मिश्रा ने मारपीट मामले में दो लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि खेत के मेड पर लगा पेड़ काटने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने अभद्रता करते हुए उससे मारपीट व जानमाल की धमकी दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं SHAHZEB पुत्र SHER AFGAN निवासी-ग्राम बड़नपूर पो0-आलियाबाद, थाना-दरियाबाद, जि0-बाराबंकी,उ0प्र0 मैंने अपना नाम SHAHZEB से बदल कर SHAHZEB SHAIKH रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र अभय तिवारी, पुत्रवधू श्रीमती रीतू तिवारी एवम् पुत्रियों श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा, श्रीमती राधा पाठक पत्नी अभिषेक पाठक, श्रीमती नेहा तिवारी पत्नी सन्दीप तिवारी, श्रीमती नीशू मिश्रा पत्नी अवधेश मिश्रा के कार्यकलापों व आचरण से दुखी होकर उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। आज से उनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे काम की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **अजय कुमार तिवारी पुत्र श्रीकान्त तिवारी निवासी 124/41 सी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। **मो. सलीम पुत्र मेहंदी हसन, निवासी- बनबीर पुर, पो.- सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम लाल बहादुर पुत्र राजेंद्र सिंह है। यही नाम सही भी है, लेकिन मैने अपना नाम लाल बहादुर से बदलते हुए लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह रख लिया है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। ऐसे में मुझे लाल बहादुर सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाए। **- लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम गंगापुर कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मिहीपुरवा/ मोतीपुर, बहराइच।**

# आरओबी के निर्माण की घोषणा से व्यापारियों में खुशी की लहर

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयास से लालगंज बाईपास में टूटे हुए रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण की उम्मीद बढ़ गई है। उन्होंने नेशनल हाईवे के अधिकारियों से जल्द से जल्द पुल निर्माण करने को कहा। राज्य मंत्री ने गुरुवार को ही व्हाट्सएप के जरिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर ने का लेटर रेल मंत्री को भेजा और उसी रात 12 बजे रेल मंत्री ने अनापत्ति प्रमाण पत्र राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के व्हाट्सएप पर भेज कर शीघ्र पुल निर्माण का आश्वासन भी दिया। राज्य मंत्री ने रात में ही नेशनल हाईवे के अधिकारियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र भेज दिया और कहा कि जल्द से जल्द लालगंज का टूटा हुआ पुल बनाया जाए। जिससे लोगों को जाम आदि की समस्याओं से निजात मिल सके। व्यापारी नेता शीलू त्रिवेदी, शिवम गुप्ता, महेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, अनूप पांडे, अनिल त्रिवेदी, सुनील मिश्रा आदि ने आभार जताया है।

# पौधों की देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

संवाददाता, रायबरेली

- इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवायोजन इकाई की ओर से जागरूकता शिविर आयोजित

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवायोजन इकाई की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेवियों ने परिसर में साफ सफाई और पौधों की देखभाल करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. डा. सुषमा देवी ने कहा कि पर्यावरण में पंचतत्वों की भूमिका है।

भूमि, अग्नि, गगन, जल, वायु से मिलकर पर्यावरण बना है। इसमें से एक भी तत्व प्रभावित होता है तो जीवन असंभव हो जाएगा। सभी तत्वों में संतुलन और समन्वय जरूरी है। हमें प्रकृति चक्र को संतुलित बनाए रखना चाहिए। प्रकृति ने हमें जीवन के साधन दिए तो हमारा भी दायित्व है कि पौधे लगाकर अपना कर्तव्य निभाएं।

जागरूकता शिविर के दूसरे द्वितीय बौद्धिक सत्र में प्रवक्ता पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि किस तरह से पृथ्वी का एक बड़ा क्षेत्र सूख रहा है। हम पानी के संकट से गुजर रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण के कारण काफी संख्या में लोगों की जान जा रही है। संसाधनों का दुरुपयोग करके प्रकृति के साथ अन्याय किया जा रहा है। यदि अपने अस्तित्व को बचाना है तो उसके नियमों, सिद्धांतों का पालन करना होगा। प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित करके चलना होगा। उन्होंने कहा कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट का उपयोग करना चाहिए। यह सब खुद करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।शिखा मौर्या, डा. प्रीति तिवारी, डा. ऋचा सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रियंका, गौसिया नायाब, डा. स्नेहा सिंह, डा. स्वर्णिमा जायसवाल, शशांक सिंह आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से आतिशबाज की हुई मौत

- विवाह समारोह में आतिशबाजी के दौरान घटना चालक वाहन छोड़कर फरार

सलोन, रायबरेली



मृतक की फाइल फोटो

**अमृत विचार।** शादी में आतिशबाजी करने आए युवक को मिल्क डेयरी की गाड़ी ने टक्कर मार खाई में पलट गई। गाड़ी के नीचे आतिशबाज भी दब गया। उसे जब तक लोग बाहर निकालते तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। परिजन रात में ही शादी सम्पन्न कराकर दुल्हा-दुल्हन की विदाई करा ले गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के बघौला गांव में शुक्रवार की रात ग्रीसीगढ़ थाना डीह क्षेत्र से देवनारायण के लडके अमन की बरात आई हुई थी। बारात में आतिशबाज अब्दुल रशीद पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी राम प्रसाद भवरी थाना उदयपुर प्रतापगढ़ पटाखे छुड़ा रहा था। इसी दौरान डीह से सूची की तरफ जा रही डेयरी की गाड़ी ने बघौला गांव के समीप आतिशबाज को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद गाड़ी खाई में पलट गई।

वही खाई में पलटी डेयरी पिकप के नीचे आतिशबाज दब गया। वहीं घटना को अंजाम देने वाला चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने बताया की चालक नशे में धुत था। गाड़ी पर सैकड़ों लीटर दूध भी दुर्घटना के दौरान बह गया। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया की मौके पर चालक नही मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ई-रिक्शा पलटा, चार महिलाएं घायल

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-मौरावा मार्ग पर बिशुनपुर के पास नव निर्माणाधीन पुलिया के पास सवारियों से भरा ई रिक्शा पलटा, जिसमें 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ से शादी समारोह में शिरकत करने के बाद अपने घर रसूलपुर वापस लौट रही महिलाओं से भरा ई रिक्शा सड़क किनारे पुलिया के पास पलट गया। इसमें सवार चार महिलाएं घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां पर दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौरा उबरनी निवासी सोमेश प्रताप सिंह पुत्र इंद्र बहादुर शुक्रवार को डलमऊ तहसील से जगतपुर मार्ग पर अपने घर गौरा उबरनी जा रहा था। तभी पचखरा मोड़ के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सोमेश प्रताप सिंह सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत सुधार नहीं होने पर वहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हल्का नंबर दो इंचार्ज नितिन मलिक ने बताया कि शुक्रवार को मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई।

# बछरावां में 153 करोड़ से बनेगा बाईपास, मिली मंजूरी

**बछरावां, रायबरेली।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के अथक प्रयास एवं केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के निर्देशन में बीते 1 मार्च को बछरावां को 158 करोड़ की सौगात मिलने लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अन्य जनों के द्वारा स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री के प्रति धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया है।



बैठक में मौजूद व्यापारी।

व्यापार मंडल के संरक्षक सौरमंडल शुक्ला ने कहा कि हम सभी कई वर्षों से अनवरत प्रयासरत थे, कि बछरावां चौराहे पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके और हमारे कस्बे को एक बाईपास जो लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से बांदा-बहराइच मार्ग को जोड़ते हुए दोबारा लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़े। जिसे केंद्रीय मंत्री नें मंजूरी दी है।. नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने कहा कि हम राज्यमंत्री के साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के मंडल मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, आशुतोष रावत, अवध राम प्रधान, अजय शुक्ला, राजकरण, बृजेश चौधरी, सभासद बालकृष्ण पांडे आदि रहे।

## ऊंचाहार लखनऊ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** सतांव गन्ना कांटा मैदान में चल रहे पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच शनिवार को केपी गार्डेन लखनऊ व किशुनखेड़ा ऊंचाहार टीमों के मध्य खेला गया। इसमें ऊंचाहार की टीम विजयी होकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। बारिश के कारण विलम्ब में प्रारम्भ हुए निर्धारित आठ-आठ ओवरों के मैच में ऊंचाहार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। केपी गार्डेन लखनऊ ने आठ ओवरों में 98 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऊंचाहार की टीम ने 7.4 आवरों में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। ऊंचाहार की ओर से 17 गेंदों में 47 रनों की ताबड़तोर पारी खेलने वाले नोमान को सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजनारायण तिवारी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। आयोजक कमेटी के वीरेंद्र सिंह, राजू सिंह, सुशील सिंह, सुंदरम सिंह, रामू सिंह, राका आदि मौजूद रहे।



खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान।

# बेसहारा मवेशियों से परेशान किसानों ने किया घेराव

छतोह, रायबरेली

- किसान नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, बीडीओ ने लगवाया जालीदार बाड़ा

**अमृत विचार।** ब्लॉक में गौशालाओं की स्थिति बहुत ही खराब है। कुप्रबंधन की शिकार इन गौशालाओं में संरक्षित गोवंश रात में निकलकर आसपास की खड़ी फसल को नष्ट कर रहे हैं। जिम्मेदार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पिछले महीने दौरे पर आए उपनिदेशक जब खेरवा मजरे लखापुर स्थित गौशाला का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे तो किसानों ने उनसे इस बाबत शिकायत की थी।

मौके पर मौजूद खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार यादव और ग्राम प्रधान को समस्या के निस्तारण का आदेश दिया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इससे नाराज किसानों किसान कल्याण एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को गौशाला के गेट पर ही धरना पर बैठ गए। खंड विकास अधिकारी छतोह अविलंब मौके पर पहुंचे और उन्होंने फसलों की हानि से गुस्साए किसानों को किसी तरह समझा बुझाकर शान्त कराया और तुरन्त जालीदार बाड़ लगवाना शुरू कर दिया।

किसान कल्याण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सदाशिव पांडेय ने उप जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपते हुए कहा कि यदि किसानों की यह मांग पूरी न हुई तो दोबारा जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों की मांग में लखापुर गौशाला की बाउंड्री में उपयोग किए गए घटिया तार और खंभों को बदलकर उन्हें जालीदार बनवाने, गौशाला के जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसल का मुआवजा दिलवाने और आवश्यकता के अनुसार छतोह ब्लॉक के अन्य गांवों में गौशालाएं खुलवाने की मांग शामिल है।

# अधिवक्ता-कर्मचारी मारपीट में क्रास केस

कादीपुर, सुलतानपुर

- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** अधिवक्ता एवं तहसीलदार के न्यायालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बीच मुकदमे के पत्रावली को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

अधिवक्ता जयकृष्ण पांडेय का आरोप है कि वे शुक्रवार को संतोष पांडेय के मुकदमे की पत्रावली के सिलसिले में तहसीलदार न्यायालय में गए थे। उनका कहना है कि पेशकार की सीट पर अनधिकृत रूप से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अंजनी मिश्र बैठे थे। उनसे उन्होंने संतोष पांडेय के मुकदमे की पत्रावली के संबंध में जानकारी चाही। अंजनी ने कोई भी जानकारी देने से मना किया। जानकारी न देने के विषय में पूछने पर अंजनी मिश्र, नवीन मौर्य तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ अधिवक्ता का कालर पकड़ कर लात घूसों से मारने पीटने लगे और जेब में रखा एक हजार भी छीन लिए। अधिवक्ता की गुहार पर आते हुए लोगों को देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। अधिवक्ता ने संदेह व्यक्त किया है कि उसके मुअक्किल संतोष पांडेय की पत्रावली को अंजनी मिश्र ने गायब कर दिया है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने अंजनी मिश्र, नवीन मौर्य एवं दो अज्ञात के विरुद्ध शुक्रवार की देर रात केस दर्ज कर लिया है। उधर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अंजनी मिश्र का आरोप है कि वह तहसीलदार न्यायालय में सुनवाई पत्रावलियों को रख रहा था। इस समय अधिवक्ता जयकृष्ण न्यायालय पर आए और भद्दी भद्दी गलियां देते हुए रेखा देवी बनाम झल्लू एवं अब्दुल कलाम बनाम नसरीन की धारा 34 की पत्रावली छीन कर फाड़ दिए। विरोध करने पर लात घुसे एवं थप्पड़ से मरने लगे। लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## शिव विवाह का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक के ग्राम निनावां में साम्ब सदाशिव महोत्सव पर आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन शिव बारात निकाली गई। काफी संख्या में श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ सांगीपुर के घुइसरनाथ धाम पहुंचे। वहां पर विधिवत पूजन अर्चन कर वापस कथा स्थल पर पहुंचे, जहां पर काफी संख्या में लोगों ने पांव पूजे। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रीराम कथा में तीसरे व अंतिम दिन कथावाचक धर्मेश महाराज ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है।

# रोडवेज बस की टक्कर से बालिका की मौत, मां की हालत गंभीर

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बाग के पुरवा गांव की रहने वाली एक बालिका अपने मां के साथ निमंत्रण गई थी। वापस लौटते समय रोडवेज की टक्कर से बालिका की मौत हो गई। उसकी मां व एक गांव की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया।

शनिवार को बाग के पुरवा की रहने वाली सात वर्षीय आरजू पुत्री बीरेंद्र कुमार अपनी मां विमला देवी के साथ जिंगना में निमंत्रण गई थी। वापस लौटते समय लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर जिंगना के पास ही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे आरजू, उसकी मां विमला और भोला गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल बालिका की मौत हो गई है। विमला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जगतपुर थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि इस संबंध में अभी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

लालगंज, रायबरेली। शनिवार देर शाम पूरे देवकली मजरे ऐहार निवासी सुशील कुमार यादव पुत्र सुंदर लाल यादव बाइक से अपने घर जा रहे थे। तभी ट्रक की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें लालगंज सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

# समाजसेवी ने बाल्हेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार को दिए डेढ़ लाख

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** समाजसेवी मनोज द्विवेदी द्वारा श्री बाल्हेश्वर महादेव के प्राचीन मंदिर (बड़े शिवालय) के जीर्णोद्धार के लिए डेढ़ लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया। साथ ही आगे भी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। श्री बाल्हेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल महाराज, ब्राह्मण चेतना परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बाजपेई, कीर्ति मनोहर शुक्ला, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा आदि ने खुशी जताई। समाजसेवी मनोज द्विवेदी ने कहा कि मंदिर हमारी श्रद्धा के केंद्र बिंदु है।

सनातन संस्कृति के प्रतीक मंदिर मठ को जीवंत रखना और उनकी साज सज्जा, रखरखाव की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। मनोज द्विवेदी की दानशीलता पर प्रदीप तिवारी, राम शंकर तिवारी, मुन्ना तिवारी, सूर्य प्रसाद मिश्र मेला प्रभारी, आशीष शुक्ला, बबुआ अवस्थी, मोनू मिश्रा, अखिलेश पांडेय ,जितेंद्र मिश्रा, राजा शुक्ला, रमेश शुक्ला, संघर्ष शुक्ला अभिषेक शुक्ला, मुन्नू प्रसाद वाजपेई, सुधीर पांडेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

**बैठक** सुपर मार्केट स्थित जिला कार्यालय में सपा कार्यकारिणी की बैठक

# समाज का हर वर्ग भाजपा की गलत नीतियों का शिकार : इं. वीरेन्द्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना, अन्याय एवं अनाचार की राजनीति करना है, भाजपा की गलत नीतियों के कारण ही आर्थिक संकट पैदा हुआ है, भाजपा लोकतांत्रिक मान्यताओं एवं राजनीतिक शुचिता पर हमला करती है, किसान नौजवान सहित समाज का हर वर्ग भाजपा की गलत नीतियों का शिकार है।



नवमनोनीत पदाधिकारियों के साथ सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव व अन्य।

विधायक राहुल लोधी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में रायबरेली सहित सम्पूर्ण प्रदेश से भाजपा को हटाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट है। नवनियुक्त पदाधिकारियों सुरेश पटेल अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, फहीम अहमद अध्यक्ष लोहियावाहिनी एवं अजय कुमार यादव अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने अपने मनोनयन से राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों पर जनपद में आन्दोलन एवं कार्यक्रमों के माध्यम से समाजवादी पार्टी को मजबूत करना ही एकमात्र उद्देश्य है।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव मो. अरशद खान ने किया। जिला उपाध्यक्ष हसीन अहमद, डी.पी. पाल, राजेन्द्र यादव, धनीराम मौर्या, वरिष्ठ नेता ओपी यादव, आफताब अहमद ''रज्जू खान'', सुरेश निर्मल, कृपाशंकर यादव, शिवमूर्ति सिंह, विधान सभा अध्यक्ष जगदेव यादव, ब्रजेन्द्र चौधरी, छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया, जिला सचिव राजेन्द्र यादव, बुधेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# पुलिस चौकी के पास दुकान से लाखों का सामान पार

संवाददाता, रायबरेली। शहर कोतवाली पुलिस को एक बार फिर अज्ञात चोरों नें चुनौती दी है। खाकी के सामने से ही अज्ञात चोरों ने एक दुकान का शटर काट कर दुकान में रखें हजारों रुपये की नगदी सहित हजारों का माल पार कर दिया। पुलिस को इसकी जरा भी भनक नही लग सकी। दुकान खोलने आए दुकानदार ने जब यह मंजर देखा तो अवाक रह गया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को जानकारी दी है। अब कोतवाली पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

शहर कोतवाली के सबसे व्यस्ततम चौराहों में माने जाने वाले सुपर मार्केट में केनरा बैंक है। इसी बिल्डिंग में नीचे धर्मेंद्र गुप्ता का प्रविजन स्टोर है। यही है सुपर मार्केट पुलिस चौकी भी है जिस पर हर समय पुलिसकर्मी भी मौजूद रहते है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वह शुक्रवार को दुकान पर बिक्री का लगभग 12 हजार व 65 हजार रुपए नगद रख कर दुकान बन्द कर घर चला गया था। शनिवार को जब उसने दुकान खोली थे उसके होश उड़ गए। शहर के बीचो बीच हुई वारदात की भनक खाकी को नही लग पाई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# राहुल को हरा चुकीं स्मृति ईरानी को तीसरी बार मिला मौका

नीरज श्रीवास्तव

- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को एक बार मिली है हार और एक बार जीत

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** आशा के अनुरूप केंद्रीय नेतृत्व ने स्मृति इरानी को तीसरी बार अमेठी से चुनावी मैदान में उतारा है। स्मृति इसके पहले दो बार अमेठी में चुनाव लड़ चुकी हैं, जिसमें उन्हें एक में हार और एक में जीत मिली है।

1967 में गठित अमेठी सीट पर कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। संजय गांधी और राजीव गांधी के बाद 1999 में सोनिया गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने आई। उन्होंने 1999 में भाजपा के संजय सिंह को पराजित किया था। उसके बाद सोनिया गांधी के रायबरेली आ जाने से 2004 में राहुल गांधी ने अपना पहला चुनाव अमेठी से लड़ा। राहुल गांधी ने 2004 और 2009 का चुनाव अच्छे खासे वोट प्रतिशत से आसानी से जीत लिया। 2014 में स्मृति ईरानी को 1,07,903 वोटों से हराकर उन्होंने हैट्रिक भी लगाई, लेकिन उनका वोट प्रतिशत कम हो गया। अमेठी से हारने के बाद भी स्मृति ईरानी कैबिनेट मंत्री बनी और उन्होंने अमेठी में अपनी सक्रियता बनाए रखी। 2019 के चुनाव में स्मृति ईरानी ने इतिहास रचते हुए राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया।



**वर्ष 2014**
राहुल गांधी को मिले मत – 408651
स्मृति इरानी को मिले मत– 300748

**वर्ष 2019**
राहुल गांधी को मिले मत– 413394
स्मृति इरानी को मिले मत– 468514

जीत के बाद स्मृति ईरानी लगातार अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं। लगभग हर महीने उनका संसदीय क्षेत्र में दौरा जरूर लगा रहता है। स्मृति बाहर से अमेठी आई पहली सांसद हैं जिन्होंने अपने वादे के मुताबिक गौरीगंज में अपना आशियाना भी बना लिया है। खेल कूद हो या फिर घर-घर अयोध्या धाम का प्रसाद पहुंचाना, स्मृति लगातार संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके द्वारा भक्तों को अयोध्या धाम में भगवान श्री राम का दर्शन भी कराया जा रहा।

संसदीय क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में उनकी जनचौपाल लग चुकी है जिसके माध्यम में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन अगर राहुल गांधी चुनावी मैदान में उतरते हैं तो रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

# फरियादियों की समस्याओं का अफसरों के पास निदान नहीं

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सरकार की कोशिशों के बावजूद फरियादियों को एक से दूसरे दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं आला हाकिम के पास भी उनकी समस्याओं का निदान नहीं है। यह हम बल्कि सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में साफ देखने को मिला। यहां पर शिकायतें तो 83 आई, लेकिन निस्तारण महज दो का हो सका। इतना ही नहीं कई फरियादी ऐसे भी पहुंचे, जो पहले भी आ चुके थे। डीएम के निर्देश के बाद भी कुछ नहीं हुआ। मातहतों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कोई भी फरियादी दोबारा नहीं आना चाहिए। ईमानदारी से निस्तारण करें। यदि ऐसा होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व , पुलिस तथा विकास सहित अन्य विभागों से संबंधित जन समस्याए प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ताकि तत्समय पर ही निस्तारण किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



फरियादियों की समस्याओं को सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर।

## अंधेरे में करना पड़ता आवागमन, नहीं हो रही सुनवाई

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील परिसर के सभागार कक्ष में सीडीओ पूजा यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर 32 में से सिर्फ दो का ही निस्तारण हो सक। सर्वाधिक 11 शिकायतें राजस्व की रही। पुलिस की नौ, विकास विभाग की तीन व अन्य की नौ शिकायतें रही। नगर पंचायत के प्रकाश नगर वार्ड में दूषित पेयजल आपूर्ति और कस्बे के विभिन्न वार्डों में नगर पंचायत द्वारा कई माह पहले सोलर लाइटों से बैटरी हटवाने से अंधेरा होने का मामला व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल ने उठाया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता भी मौजूद रहे।

## मीटर रीडरों पर मनमानी करने की शिकायत

**डलमऊ, रायबरेली।** तहसील सभागार में तहसीलदार डलमऊ ध्रुव यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के 33 प्रार्थना पत्र आए। भारतीय किसान यूनियन डलमऊ इकाई के अजमेर सिंह, बच्चू लाल, मेवालाल, मोहनलाल फौजी आदि द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों और मीटर रीडरों द्वारा प्रत्येक माह मीटर रीडिंग नहीं देने की शिकायत की। कई बार शिकायत के बावजूद भी विभाग द्वारा अब तक निराकरण नहीं कराया जा सका। आदिलाबाद ग्राम निवासी कमल बहादुर सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी और भाभी के नाम बलधारी भूमि पर जबरन विद्यालय संचालित कर कब्जा किया जा रहा है, जिस पर तहसीलदार डलमऊ द्वारा जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# दो पक्षों में जमकर जले लाठी-डंडे, चार घायल

महराजगंज, रायबरेली

- कोतवाली पुलिस ने प्रधान समेत नौ लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार।** जमीन विवाद में शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो महिला समेत चार लोग घायल हो गए। एक दूसरे के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम प्रधान व दो महिलाओं समेत नौ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के दरियावगंज मजरे कोटवा मदनिया गांव की है। गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र इंद्रपाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी जमीन पर लहसुन बोया था। शुक्रवार की देर शाम गांव के ही प्रकाश को लहसुन में कूड़ा फेंकने लगे। मना करने पर प्रकाश व प्रकाश की पत्नी, भाई संजय व ग्राम प्रधान शत्रोहन भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। वहीं दूसरे पक्ष से गांव निवासी कलावती पत्नी रामहेत ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहू सावित्री शुक्रवार की शाम कंडा लेने गई थी।

विपक्षी नीरज व धीरज पुत्रगण इंद्रपाल व पिता-पुत्र बृजलाल व लवकुश और मालती पत्नी संतलाल जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे मना करने पर बहू सावित्री व उसके पति तथा मुझे लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर नौ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## विवाद के बाद आगजनी

**सतांव, रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे कोदे मजरे हाजीपुर गांव में शुक्रवार की रात शिवकरन व शीतला प्रसाद के मध्य मजदूरी के पैसों को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान शिवकरन के घर में आग लग गई। आग के उग्र होने से पूर्व ही ग्रामीणों ने बुझा दिया। शिवकरन ने डॉयल 112 को कॉल कर घटना की सूचना दी। आरोप लगाया कि आग शीतला ने लगा दी। मौके पर पहुंची डॉयल-112 के पुलिसकर्मी दोनों पक्षों को थाने ले आये।

## सार-संक्षेप

### स्मृति ने भक्तों को भेजा अयोध्या धाम

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी द्वारा लगातार संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम भेजा जा रहा है। शनिवार को डीह ब्लॉक के गोपालपुर व पदमनपुर बिजौली के श्रद्धालुओं को बस से अयोध्या भेजा गया। बस को परशदेपुर में भाजपा नेता कुंवर प्रताप सिंह व विंदादीन मौर्य आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भक्तों ने जमकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। अखिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

### आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**सरेनी, रायबरेली।** बीती रात को थाना क्षेत्र के एक गांव में गांव में छप्पर में अचानक लगने से गरीब परिवार की गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर किसी तरीके काबू किया। आग बुझाते समय मासूम भी झुलस गया। थाना क्षेत्र के पूरे पर गहिन मजरे चक चोरइहा गांव के रहने वाले कमल कुमार पुत्र महादेव परिजनों के साथ छप्पर के नीचे रहकर गुजर बसर करते थे। बीती रात को छप्पर में अचानक आग लग गई। इससे अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग की लपटों से जूझने लगे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कमल का राशन, कपड़े आदि आग की भेंट चढ़ गए। आग बुझाने में एक चिंगारी पास में खड़े चार साल के मासूम पर गिर गई। इससे वह आंशिक रूप से झुलस गया।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कुसुढ़ीसागरपुर तिराहे पर शनिवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली क्षेत्र के समसपुर मजरे हलोर गांव निवासी शिवम वर्मा उर्फ आदित्य प्रकाश के पास से 1100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस अवैध गांजे के साथ पकड़े गए युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई, जहां एसआई सचिन शर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अवैध गांजा के साथ पकड़े गए। युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** बाइक अनियंत्रित होने से युवक गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सड़क पर पड़े घायल को राहगीरों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। घटना क्षेत्र के थुलवासा चौकी के पास की है। पहरेमऊ निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र छेदीलाल अचानक बाइक अनियंत्रित होने के चलते गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे गम्भीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बीते दिनों रामपुर जनपद के सिलाई बाग गांव में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर लगाने के विवाद में दलित सुमेश की पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में मौत हो गयी। छात्र 10वी की परीक्षा देकर अपने घर वापस जा रहा था। छात्र के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद अपराध पर नियंत्रण नहीं लग पा रहा है। सरकार की नीतियों की नाकामी का भुगतान आम जनमानस और मासूमों को अपनी जान गवां कर भुगतना पड़ रहा है। मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और घटना की न्यायिक जांच कराकर, घटना में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, कल्याण चन्द्र श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, निर्मल शुक्ला, विजय शंकर अग्निहोत्री, सईदुल हसन, संजय शुक्ला, सूर्यकुमार आदि रहे।

### फेरी दुकानदार ने किशोरी को शराब पिलाकर किया दुष्कर्म

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गांव-गांव फेरी लगाकर महिलाओं की सामग्री बेचने वाले दुकानदार ने एक किशोरी को अपहृत करके बाग में ले गए। आरोप है कि वहां पर उसे शराब पिलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर प्राथमिक दर्ज करके आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा है, जबकि उसके दो अन्य साथी फरार बताए जा रहे हैं। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव-गांव बाइक से फेरी लगाकर महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री बेचने वाले तीन लोग अक्सर उसके गांव में आते थे। एक दिन पहले यह लोग किशोरी को जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर गांव से बाहर एक बाग में ले गए। घटना के कुछ समय बाद किशोरी की मां को जानकारी हुई तो वह भागते हुए बाग में पहुंची। वहां पर उसकी बेटी अस्त व्यस्त अवस्था में मिली। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर प्राथमिक दर्ज करके एक आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है, जबकि उसके दो अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

### पात्रों तक योजना का लाभ पहुंचाना प्राथमिकताः बीडीओ

**सरेनी, रायबरेली।** लखनापुर ग्रामपंचायत में अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है, जिन्हें पेंशन, किसान सम्मान निधि या आयुष्मान जैसी समस्याएं हैं, वे ग्रामप्रधान, पंचायत सचिव व आशा बहू से सम्पर्क कर समस्याएं दूर करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आशा बहुओं को आयुष्मान कार्ड की जगह आशा कार्ड बनाने का अधिकार है। इस कार्ड से भी सभी को आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं ही मिलेगी। पंचायत सहायक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने भी सभी को आश्वस्त किया कि वे हर समस्या के समाधान के लिये लोगों के साथ खड़े हैं। ग्राम प्रधान सरोज देवी ने कहा कि जल निगम कर्मियों ने पाइप बिछाने में सड़कें तो तोड़ दी है लेकिन उन्हें ठीक करने के प्रति लापरवाह हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती राजवती, आशा बहू आशा देवी, अर्जुन साहू, रेखा साहू, सर्वेश पासवान, पुत्ती, ललई, नीरज, सरवन, रामनारायण, गुड़िया आदि मौजूद रहे। लखनापुर के उपरांत खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में भोजपुर ग्रामपंचायत में भी चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें ग्राम प्रधान राजकिशोर साहू के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


सेवा ही संकल्प पद यात्रा निकालते राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह।

# राज्यमंत्री ने सेवा ही संकल्प पद यात्रा निकाल सुनीं समस्याएं

सेमरी/खीरो, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की "सेवा ही संकल्प पद यात्रा" शनिवार को चांदेमऊ ग्राम सभा से प्रारंभ हुई, जो खीरो ब्लाक के तीन दर्जन ग्राम सभाओं का भ्रमण कर देर शाम खपुरा चौराहा पहुंची। इस दौरान कलुवाखेड़ा, पाहो, सेमरी व महरानीगंज में चौपाल में राज्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना। भीतरगांव व रनापुर पहरौली के खजुरिहा बांध में जनसभा को संबोधित किया।

सेवा ही संकल्प पद यात्रा में निकले राज्यमंत्री का उनके समर्थकों ने माला पहनाकर जगह जगह स्वागत किया। चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मैंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आप सबकी सेवा व सम्मान किया है। अब आप लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भाजपा के निशान कमल का फूल बटन दबाकर सांसद बनाए।

भीतरगांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, पूर्व प्रधान सर्वेश सिंह, खीरों में अंशू सिंह, मुन्नीलाल मिश्रा, गौरव सिंह, हरीपुर मिर्दहा में प्रधान डॉ इरशाद अली, खजुरिहा बांध में प्रधान रामलखन सैनी, शिव मंगल पासवान, मोहम्मद अतीक, अतरहर में मोनू अवस्थी, राजन तिवारी, कलुवाखेड़ा में प्रधान राम शरण पांडेय, पाहो में प्रधान राम सिंह, धुन्नी सिंह, सेमरी में राम सनेही साहू, बकुलिहा में मंडल अध्यक्ष सेमरी कालिका पण्डित, महरानीगंज में कौशलेश सिंह आदि व उनके समर्थकों के द्वारा राज्यमंत्री का माल्यार्पण करके अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

## बोलेरो की टक्कर से रिटायर्ड पंप आपरेटर की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** घर के पास सड़क किनारे खड़े सेवानिवृत्त पंप ऑपरेटर को अनियंत्रित होकर बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन को पुलिस ने कब्जे में लिया है। कोटिया चित्रा गाँव निवासी प्रेम नारायण मिश्रा नलकूप विभाग में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। करीब पांच साल पहले वह सेवानिवृत्त हो गए थे। गांव के पास ही सूची-खरौली मार्ग के किनारे मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे। शनिवार की शाम वह दरवाजे के पास खड़े थे। तभी खरौली से जमुनापुर चौराहे की तरफ जा रही बोलेरो ने अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश ने बढ़ाई अन्नदाताओं की चिंता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मार्च महीने की पहली तारीख से ही मौसम ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार रात से आसमान में छाए बादलों के साथ तेज हवाएं व बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार दोपहर को जिले में अलग अलग जगहों में बारिश शुरू हो गई। बिन मौसम हो रही बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है, जो किसान सरसों की फसल काटकर रख चुके हैं। उन्हें अब फसल खराब होने का भय सता रहा है।

बताया कि गेहूं, सरसों, आलू, मटर, धनिया में इस समय फूल आ रहा है। बरसात से फूल गिरने से इसका असर पैदावार पर पड़ेगा। मौसम विभाग की माने तो सोमवार तक इसी तरह से मौसम की गतिविधियां बनी रहेगी। यदि ओलावृष्टि हुई तो निश्चित रूप से जो फसलें पक चुकी हैं, उनको भारी नुकसान पहुंचेगा।

शुक्रवार रात से आसमान में छाए बादलों के बीच रुक रुक कर बरसात हो रही है। शनिवार की सुबह मौसम खराब हुआ और दोपहर बाद बारिश होने लगी। लगातार रूक-रूक हो रही बारिश से किसानों की नींद उड़ गई है। बारिश की वजह से किसान चिंतित हैं कुछ जगहों पर किसानों की सरसो की फसल पक गई है। लेकिन तेज हवा और बारिश के चलते गेहूं की फसल खेत में बिछ गई। जिसकी वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ। किसानों की माने तो यह पानी फसलों के लिहाज से ठीक नही है। इसी तरह अरहर के फूल भी आ गए हैं। बारिश से फूलों के गिरने की संभावना बढ़ गई है।

किसानों का कहना है कि सरसो की फसल पकी खड़ी है। साथ ही बेमौसम बारिश से सरसो के अलावा मटर, आलू की फसलों को नुकसान पहुॅगा। वहीं जिन खेतों में गेहूं में बालियां निकल आई है, हवा की वजह से उनके भी गिरने की आशंका बढ़ गई है।

# चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सरेनी चुनाव प्रबंधन समिति की प्रथम परिचयात्मक बैठक आहूत की गई। इसमें सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व से अवगत कराया गया और चुनावी गतिविधियों में लगने के लिए आह्वान किया गया। विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि संभवत 15 मार्च के पहले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाएगी।

लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही सभी कार्यकर्ता चुनावी गतिविधियों में लग जाएंगे। उसके पहले पार्टी के द्वारा घोषित लाभार्थी संपर्क अभियान को हर हाल में पूरा करना है। प्रत्येक लाभार्थी के घर जाकर उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र सपना है और उसको फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रेरित करना है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के 4 मार्च को फिरोज गांधी ऑडिटोरियम रायबरेली में होने वाले लाभार्थी सम्मेलन को भी सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जुटने के लिए प्रेरित किया गया।

## रोवर स्काउट हरिओम को प्रदेश में पहला स्थान

**संवाददाता रायबरेली, अमृत विचार।** अपनी प्रतिभा की वजह से रोवर स्काउट हरिओम को प्रदेश में पहला मुकाम हासिल हुआ है। भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता 2022-23में फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के रोवर स्काउट हरिओम के प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस सफलता पर स्काउट के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने सिटी मांटेसरी स्कूल गोमती नगर लखनऊ में आयोजित ट्रेनर मीट में दस हजार रुपये का चेक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उनके साथ रहे लीडर ट्रेनर श्रीराम यादव, शिवशरण सिंह, अनीशा तनवीर, साधना शर्मा, निरूपमा बाजपेई, कान्ती देवी गुप्ता, मालती वर्मा, भानुमती, रेनू, मोहिता उपाध्याय, अर्चना यादव ने इस सफलता पर खुशी जताई। कहा कि यह जिले के लिए गौरव भरा पल है। पुरस्कार प्राप्त होने पर जिला संस्था के जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, उपाध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, उपाध्यक्ष एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

# ऊंचाहार को नहीं छोडूंगा, कोई भ्रम में न रहे : मनोज पांडेय

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के बागी विधायक डॉ मनोज पांडे ने लोकसभा चुनाव लड़ने के कयासों पर विराम लगाते हुए साफ शब्दों में कहा है कि मैं ऊंचाहार छोड़कर नहीं जाऊंगा, मुझे ऊंचाहार के विकास के लिए अभी काफी कुछ करना है। उन्होंने यह बात शनिवार को ऊंचाहार में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कही।

सपा से बगावत करने के बाद पहली बार ऊंचाहार पहुंचे मनोज पांडे का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने ऊंचाहार के विकास की चर्चा की और कहा कि मेरे काफी प्रयास और काफी काम किए जाने के बावजूद अभी भी ऊंचाहार के काफी गरीबों के घर में केवल एक जून की रोटी बन पाती है।

मुझे इस स्थित को खत्म करना है। मुझे हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना है। उन्होंने यहां से भावनात्मक रिश्ते की चर्चा करते हुए कहा कि मैं जीवन पर्यंत ऊंचाहार से जुड़ा रहूंगा। समाजवादी पार्टी से अपने रिश्तों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी को अपने खून से सींचा है, लगातार एक पार्टी में तीन दशक से अधिक समय तक जुड़ा रहा हूं। आज बहुत लोग पार्टी के परेशान थे, उनके काम नहीं हो रहे थे। लोग दर दर की ठोकरे खा रहे थे। अंत में उन्होंने कहा कि हमारे कुछ समर्थक कार्यकर्ता मुझसे सवाल पूछते हैं कि क्या मैं लोकसभा चला जाऊंगा ? उन्होंने कार्यकर्ताओं से सवालिया लहजे में कहा कि आप मुझे लोकसभा क्यों भेजना चाहते हो? क्या मुझसे उब गए हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं कहीं नहीं जाने वाला। ऊंचाहार में ही रहूंगा और ऊंचाहार के लोगों के लिए काम करता रहूंगा। इस मौके पर सपा के ब्लॉक प्रभारी बृजेश यादव, गंगा विष्णु यादव, ग्राम प्रधान राजू यादव, प्रधान भुन्ना तिवारी, अंकित द्विवेदी, डा दिवाकर तिवारी, राजू सिंह, मुन्नू सिंह, अनिल पांडेय आदि मौजूद रहे।


कार्यकर्ताओं से मिलते ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय।

# 400 से अधिक सीटों पर होगी भाजपा की जीत : अखिलेश पटेल

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** ग्राम परिक्रमा जिला कार्य समिति सदस्य एवं शिवगढ़ मण्डल प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व किसान मोर्चा जिला मंत्री अखिलेश पटेल, मण्डल मंत्री अरविंद सिंह, दिनेश यादव ने बछरावां विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव में घर-घर पत्रक वितरित करते हुए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं गिनाई। अखिलेश पटेल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में समाज के अंतिम पायदान पर बैठे पात्रों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

पूर्व की सरकारों में गैस सिलेंडर के लिए लाइन लगानी पड़ती थी, सिलेंडरों की कालाबाजारी होती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का काम किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ो गरीब परिवारों को पक्की छत नसीब हुई है। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए हर घर नल लगाए जा रहे हैं। अखिलेश पटेल ने कहा कि जय भाजपा, तंय भाजपा पूरे देश में भाजपा का माहौल है अबकी बार 400 से अधिक सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

## एक नजर

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 तक की गई

**हरदोई।** नगर के सीएसएन महाविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र कोड-27126 के सह समन्वयक डॉ कुश कुमार मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के सत्र जनवरी 2024 के विभिन्न स्नातकोत्तर, स्नातक व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है।

### किशोर घर से लापता

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला बरुआ बाजार में एक किशोर घर से बिना बताए कहीं चला गया, जिसकी लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। करबे के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी मोहम्मद रशीद पुत्र शफीक ने बताया कि शुक्रवार की रात उसका पुत्र अब्दुल मन्नान (17) किसी को बिना बताए कहीं चला गया है। काफी ढूंढने पर भी उसका पता नहीं चल सका है। गुमशुदगी की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।

### कवि सम्मेलन आज

**हरदोई।** शहर में श्री रामलीला मेला व प्रदर्शनी के बैनर तले रविवार को होने वाले कवि सम्मेलन में कई नामी कवियों की मौजूदगी रहेगी। कवि सम्मेलन में नेताजी लपेटे में के शो के हास्य कवि प्रताप फौजदार दिल्ली, श्लेष गौतम, प्रयागराज, गौरव चौहान इटावा व मानक मुकेश कानपुर के अलावा प्रवीण राही गाजियाबाद, अखिलेश द्विवेदी कौशाम्बी, डा.तृषा शर्मा मेरठ, डा.राहुल शर्मा अयोध्या, अभय निर्भीक कानपुर और अजीत शुक्ल शामिल होंगे।

### स्कूल प्रबंधक को मातृ शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** जेके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक व समाजसेवी राजीव मोहन अवस्थी की माता पुष्पा अवस्थी का निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही बड़ी संख्या में समाजसेवियों डॉक्टर के अधिवक्ताओं ने शोक जताया है। दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना जताई। उनका अंतिम संस्कार श्रवण देवी स्थित श्मशान घाट पर शनिवार की दोपहर किया गया। मुखाग्नि बेटे राजीव मोहन अवस्थी ने दी। शोक संवेदना जताने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अरुणेश बाजपेई, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सीपी कटियार, डॉ. सुरेश अग्निहोत्री, अविनाश मिश्रा, अनुराधा मिश्रा, डॉ. अमित मिश्रा व डॉ. शिवानी मिश्रा समेत अन्य लोग रहे।



खेत में गिरी गेहूं की फसल।

> बेमौसम बरसात होने से मुख्य रूप से सरसों, गेहूं व आम की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, बारिश के साथ साथ तेज हवा चलने के कारण खेतों में खड़ी फसले जमींदोज हो गई हैं जिससे पैदावार पर काफी फर्क पड़ सकता है जिसके कारण किसानों की चिन्ता बढ़ गई है।
> –किसान पंकज अवस्थी, ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर

> तेज हवाओं के साथ बेमौसम बरसात से कारण गेहूं व सरसों की फसलें काफी प्रभावित हुई हैं, इस बार रबी की फसल काफी अच्छी थी, जिससे किसानों ने काफी उम्मीदें थी। जिस पर बेमौसम बरसात ने पानी फेर दिया और किसान एक बार फिर बैकफुट पर चला गया।
> –किसान सत्येन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत झरोइया

# किसानों पर मुसीबत बनकर बरसी बे-मौसम बरसात

## खेतों में चादर की तरह बिछ गई गेहूं व सरसों की फसल, आलू की खोदाई पर भी पड़ा असर

हरदोई

**अमृत विचार।** तेज हवा के साथ बे-मौसम हुई बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। सरसों, आलू चना, मटर व आम की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। शनिवार को जिले में नौ मिलीमीटर दर्ज की गई बारिश ने जहां ठंड बढ़ा दी है वहीं किसानों के माथे पर पसीना ला दिया है। आलू की खुदाई पर असर पड़ा है। खेत में कटी पड़ी सरसों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

शुक्रवार की रात से बारिश रुक-रुक कर हुई, लेकिन शनिवार को हुई तेज़ बारिश से खेत पानी से लबालब भर गए। स्कूल व काम पर जानें वाले लोग छाता लिए हुए और गर्म कपड़ों में ढके नजर आए। बारिश होने से आलू व सरसों की फसल को बड़ा नुकसान होना तय माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि पकी हुई फसल में पानी भरने से आलू सड़ सकता है और कटी पड़ी सरसों की फसल भी खराब हो सकती है। एक तो आलू की पैदावार में पहले से ही कमी आई है और उस पर हुई बरसात किसानों पर आफत बन कर बरसी। न कोहरा और पाला पड़ने पर किसानों ने दवाओं का छिड़काव कर आलू को जैसे तैसे बचा तो लिया। लेकिन उत्पादन को घटने से नही रोक पाए। अब आलू की फसल पक कर तैयार है। इन दिनों किसान आलू की खुदाई करने में जुटा था कि मौसम बिगड़ने से खुदाई भी रुक गई है। माना जा रहा है कि ऐसे में आलू दागी हो सकता है।



बारिश से खेत में गिरी गेहूं की फसल देखकर निराश महिला किसान। अमृत विचार

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार तहसील क्षेत्र के गांव गुजीदेई निवासी किसान रामकिशोर गुप्ता, प्रभूदयाल बाजपेई, किशन चंद्र बाजपेई, जागीर सिंह यादव, छोटेलाल यादव, पप्पू बंगाली, अशोक मिश्र आदि सैकड़ों किसानों की फसल हवा पानी के कारण जमींदोज हो गई है। तहसील क्षेत्र के सूरापुर, परेली, आगमपुर, तडेऱ, वासितनगर, बारी, सिंगुलापुर, सुल्तानपुर, अनंगपुर, सहोरा समेत सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं। इसी तरह तहसील सवायजपुर, सदर, संडीला व बिलग्राम में सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हुई हैं। फसल बर्बाद होने से किसानों को खाद बीज का उधार चुकाने के साथ अन्य व्यवस्थाओं की चिंता सताने लगी है।

बेनीगंज संवाददाता के अनुसार बेमौसम बारिश ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश से फसलों में नुकसान की आशंका बढ़ गई, बारिश से गेहूं व सरसों की फसल गिर गई, मौसम में बदलाव लोगों के लिए परेशानी बनने लगा है, बारिश के कारण किसानों की समस्या बढ़ गई।

### बारिश होती रही तो खेतों में खुदा पड़ा आलू सड़ना तय

मल्लावां संवाददाता के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव से हो रही बारिश और तेज हवाओं से किसानों की गेहूं और सरसों के साथ खेत में खुदे पड़े आलू की फसलों को लेकर चिंता की लकीरें बनी हुई है। अगर बारिश ऐसे ही होती रही तो फसलें बर्बाद होनी तय है। रात से हो रही बारिश से किसानों की खेतों में खड़ी फसलों को लेकर माथे पर शिकन बनी हुई है। किसानों की गेहूं की फ़सल में बाली आ चुकी है। अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो तेज हवाओं से फ़सल गिर जाएगी। किसानों ने फ़सल में पानी लगाई थी उनकी गेहूं की फ़सल गिरने से पैदावार कम होगी। सरसों की फसलें अधिकांश कट चुकी है, लेकिन जिन किसानों की फसल खेतों में खड़ी है उसे बारिश से नुकसान हो सकता है। आलू की फ़सल जहां किसानों द्वारा खुदाई कराई जा रही है। ऐसे में खेतों में खुदा पड़ा आलू सड़ सकता है।

### बयां दर्द करते किसान



किसान रामा यादव ने बताया मौसम विभाग के अनुसार बारिश अभी दो -तीन दिन तक होती रहेगी। ऐसे में अगर बारिश तेज और हवा के साथ होती रही तो आधिकांश किसान तबाह हो जाएगे। इस समय सभी फसलों को नुकसान हो रहा है।



किसान नेक राम यादव ने बताया कि इस बार गेहूं में बाली अच्छी आई है, लेकिन बारिश से उनके अरमान पर पानी फिर सकता है। आलू खेत में ही लगा है बारिश बंद नहीं हुई तो आलू सड़ जाएगा। सरसों की फ़सल खड़ी है वह बर्बाद हो जाएगी।



किसान अरुण शुक्ला ने बताया कि गेहूं की फ़सल अच्छी है, लेकिन अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो फ़सल तेज हवाओं से गिर जाएगी, कुछ किसानों की फसलें पलट गई है। ऐसे हालातों में पैदवार कम हो सकता है।

दरअसल खेत में आलू, सरसों और गेहूं की फसल खड़ी है। सरसों की फसल तैयार है तो वहीं गेहूं की फसल में बाली आनी शुरू हो गई है। हवा के साथ बारिश के कारण फसलें गिर गई, किसानों ने पैदावार पर आशंका जाहिर की है।

# जीटीएल कंपनी के दो और टॉवर हो गए चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस क्राइम कंट्रोल करने का लाख दावा करे, लेकिन चोरों की दीदा-दिलेरी के आगे उसके सारे दावे दम तोड़ते दिखाई दे रहें है। जीटीएल कंपनी का टॉवर लालपालपुर से चोरी होने की तहकीकात की जा रही थी, उसी दौरान उसी कंपनी के 50-50 मीटर ऊंचे दो और टॉवर चोरी हो गए। एक मामला बेहटा गोकुल और दूसरा लोनार थाने में दर्ज किया गया है। जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.कंपनी के टेक्नीशियन प्रमोद कुमार सिंह निवासी कौशलपुरी कोतवाली शहर ने बेहटा गोकुल थाने में दी तहरीर में कहा है कि 31 मार्च 2023 को कंपनी के पूर्व टेक्नीशियन मनीष यादव कपूरपुर बहोरन में पुत्तूलाल की ज़मीन पर लगे टॉवर का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां लगा टॉवर और उसके शेल्टर वहां से गायब थे। टॉवर की ऊंचाई तकरीबन 50 मीटर की बताई गई है। इसके अलावा जीटीएल कंपनी का दूसरा टॉवर लोनार थाने के जगदीशपुर में अनुज सिंह की ज़मीन पर लगा हुआ था, उसकी भी लगभग 50 मीटर ऊंचाई थी, वह भी चोरी हो गया। कंपनी के टेक्नीशियन प्रमोद कुमार सिंह की तहरीर पर लोनार थाने में भी टॉवर चोरी होने का केस दर्ज किया गया है। बताते चलें कि इससे पहले कोतवाली शहर में लालपालपुर में जीटीएल कंपनी के 60 मीटर ऊंचे टॉवर की चोरी होने का केस दर्ज कराया जा चुका है। पुलिस उसी टॉवर चोरी के मामले की तहकीकात कर रही थी, उसी बीच दो और टॉवर चोरी होने की खबर से समूचे पुलिस महकमें में खलबली मची हुई है।

**लालपालपुर के बाद अब कपूरपुर बहोरन व जगदीशपुर में 50-50 मीटर ऊंचे टॉवर उठा ले गए चोर**

### 12 लाख का नुकसान

जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि.कंपनी के एक टॉवर की कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई गई है। इस तरह से बेहटा गोकुल के कपूरपुर बहोरन और लोनार थाने के जगदीशपुर में दो टॉवर होने से कंपनी को 12 लाख रुपये की चोंट पहुंची है। इसके अलावा कंपनी को और भी ज़्यादा पहुंचने की बात की जा रही है।

### पुलिस ने जांच में बढ़ाई तेज़ी

जीटीएल कंपनी के टॉवर चोरी में बेहटा गोकुल थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 379 के तहत केस दर्ज किया गया है। जिसकी जांच एसएचओ बेहटा गोकुल राजवीर सिंह कर रहें है। उन्होंने टॉवर के बारे में कपूरपुर बहोरन के कुछ लोगों से पूछताछ और टॉवर की निगरानी के लिए तैनात होने वालों की एक्टिविटी की जानकारी ली। वही लोनार थाने के जगदीशपुर में टॉवर चोरी की जांच बावन चौकी प्रभारी व्यास यादव को सौंपी गई है।

# राज्य मंत्री ने रोडवेज बस स्टैंड का किया शिलान्यास

शाहाबाद, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद में वर्षों से रोडवेज बस स्टैंड की आस लगाए क्षेत्र वासियों को शनिवार को एक और सौगात मिल गई। क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के प्रयासों से रोडवेज बस स्टैंड का शिलान्यास हो गया। राज्य मंत्री ने रोजवेज बस स्टैंड का बटन दबाकर शिलान्यास किया।

शहर और आसपास के लोग वर्षों से रोडवेज बस स्टैंड की मांग कर रहे थे। क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के प्रयास से रोडवेज के लिए स्थान चयन के बाद शासन ने एक करोड़ की धनराशि भी निर्माण इकाई के लिए जारी कर दी। शनिवार को राज्य मंत्री तिवारी ने रोडवेज बस स्टैंड का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र के सभी वादों को पूर्ण किया है। महिलाओं के लिए महिला शक्ति मिशन को सफल बनाकर उन्हें सशक्त किया गया है। उन्होंने बताया दो करोड़ पचहत्तर लाख से रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। जिसमें एक करोड़ रुपए निर्माण इकाई यूपीपीसीएल को दे दिए गए हैं। 18 माह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही क्षेत्र वासियों का रोडवेज बस स्टैंड का सपना पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम पूनम भास्कर, रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव, सेवा प्रबंधक रमेश कुमार, यूपीपीसीएल के अधिशासी अभियंता डीएस शाक्य, टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू, सुभाष रस्तोगी, राजू मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बटन दबाकर शाहाबाद रोडवेज बस स्टैंड का शिलान्यास करतीं उच्च शिक्षा मंत्री।

### पाली कस्बे में रोडवेज बस अड्डे का परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वर्चुअली शिलान्यास किया

पाली संवाददाता के अनुसार शनिवार को पाली कस्बे में रोडवेज बसअड्डे का शिलान्यास हो गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वर्चुअल तरीके से शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम परिवहन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। पाली कस्बे में बहुप्रतीक्षित रोडवेज बस स्टैंड का शिलान्यास होने से कस्बे वासियों को एक बड़ी सौगात मिली है। यूपीपीसीएल संस्था 18 महीने में इस भव्य रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराएगी। लगभग 192 लाख रुपए की लागत से 2700 वर्गमीटर क्षेत्र में यह रोडवेज बसअड्डा बनाया जायेगा।

### युवक को कोटेदार के भाई ने पीटा, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा में कोटेदार के भाई ने एक ग्रामीण की मामूली बात पर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी अंतिम मिश्रा पुत्र हरिशंकर मिश्रा ने बताया वह शुक्रवार को गांव में कोटेदार छोटी बिटिया के कोटे पर राशन लेने गया था। उसी वक्त कोटेदार का भाई विनोद आ गया और राशन न देने की बहस करने लगा। उसने विरोध किया तो विपक्षी गाली गलौज करते हुए उसे पीटने लगा। रामसागर पुत्र प्रकाश और पप्पू आदि के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया।

## सार-संक्षेप



मैच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी। अमृत विचार

### सक्सेस क्रिकेट अकादमी की टीम ने मारी बाजी

**हरदोई, अमृत विचार।** खेल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। मैच में टॉस सक्सेस क्रिकेट अकादमी के कप्तान योगेश कुमार ने जीता तथा पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीश चंद अग्रवाल क्रिकेट अकादमी की टीम 7 .4 ओवर में 89 रन 2 विकेट के नुकसान पर खेल रही थी, उसी समय मैच में बारिश होने लगी तथा लगातार खराब मौसम की वजह से अंपायरों ने मैच का निर्णय बाल आउट से कराने का फैसला किया। बाल आउट के दौरान दोनों टीमों को 5-5 मौके दिए गया। जिसमे सक्सेस क्रिकेट अकादमी की टीम 2-1 से विजयी रही। इस प्रतियोगिता को अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण 18 मार्च को होगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व सूर्य प्रताप सिंह ने की स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।

### उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी का माहौल

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कुर्मी क्षत्रिय सभा लखनऊ राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र के विस्तार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव सोनू पटेल के प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत बांसा निवासी ग्राम प्रधान सम्पूर्णानंद पूनम सिंह को प्रदेश की शाखा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूनम सिंह ने बताया कि कुर्मी क्षत्रिय सभा (राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र) की ओर से उन्हें सौंपी गई संगठन की जिम्मेदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाएंगे। बताया कि जनपद में संगठन का विस्तार कर सूची प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे। इधर उपाध्यक्ष बनते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान नंदराम, जगन्नाथ प्रसाद, संतोष कुमार, नन्ही देवी, हेमनाथ, मंयक पटेल, विनीत सिंह, सत्येन्द्र सिंह, रवि वर्मा, विवेक कुमार सदस्य जिला पंचायत आदि लोगों ने खुशी जताई है।

### पेड़ों के सहारे विद्युत लाइन बिछा रहे विद्युत कर्मियों को प्रधान व ग्रामीणों ने भगाया

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उपकेंद्र में विद्युत कनेक्शन के लिए महीनों पहले आवेदन करने व कनेक्शन के लिए इस्टीमेटेड धनराशि जमा करने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं हो सका था, जिस खबर को दैनिक अमृत विचार समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद आधी अधूरी नींद से जागा विद्युत विभाग बिना बिजली पोल को लगवाए पेड़ों के सहारे विद्युत लाइन बिछाकर कनेक्शन करने पहुंच गए। पेड़ों के सहारे लाइन बिछाते देख प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने विद्युत कर्मचारियों को विद्युत लाइन बिछाने से मना करते हुए उन्हें वापस भेज दिया। प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि कभी भी विद्युत लाइन के शार्ट होने पर पेड़ों के सहारे करंट नीचे आ सकता है, जिससे कोई भी हताहत हो सकता है। साथ ही जब इस्टीमेटेड धनराशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

# बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बलायकोट में पड़ोसी द्वारा रंजिशन तीन बच्चों को जहरीला लड्डू खिलाने का मामला प्रकाश में आया है। बच्चे आईसीयू में भर्ती हैं।



लड्डू के साथ जहरीला पदार्थ खाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए बच्चे।

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बलायकोट निवासी बच्चों के पिता बहार खां ने बताया वह कल काम पर गया था, लौट कर आया तो उसके तीन बच्चे मरियम 9 वर्ष, जारा 8 वर्ष, मिसवा 4 वर्ष तीनों को उल्टी हो रही थी। रात को उसने सोचा हो सकता है कुछ फास्ट फूड खाने की वजह से ऐसा हो रहा होगा, लेकिन बच्चों के पेट में आग पड़ रही थी। बच्चे लगातार चिल्ला रहे थे। सुबह उसने बच्चों से पूछा तो बड़ी बेटी ने बताया पड़ोसी शहान पुत्र इरफान खां उर्फ लल्लन ने उन सबको लड्डू खिलाया था। बकौल पिता पड़ोसी अंदर से उनसे बुराई रखता है। सुबह बच्चों की हालत में सुधार न होने पर उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर तीनों मासूमों को जिला अस्पताल रिफर किया गया। जिला अस्पताल में आईसीयू में तीनों का इलाज चल रहा है।

**लापरवाही** जिम्मेदारों की लापरवाही से करोड़ों रुपए कीमत की एम्बुलेंस बदहाल

# नीलामी के इंतजार में खड़ीं 72 एम्बुलेंस हो गईं कबाड़

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में पिछले तीन साल से नीलामी के इंतजार में 72 एंबुलेंस खड़ी हैं, लेकिन इन एंबुलेंसों की अभी तक नीलामी नहीं हो सकी है। इस वजह से एंबुलेस खड़ी होने से कबाड़ में तब्दील हो चुकी है।

मालूम हो कि स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की सेवा के लिए करीब 72 एंबुलेंस दौड़ रही थी। इन एंबुलेंस को जीबीके नामक कम्पनी संचालन करती है, लेकिन पुरानी एंबुलेंसों की अवधि पूरा होने पर खराब हो चुकी है। अब पुरानी एंबुलेंस मरीजों की सेवा में भी नहीं दौड़ रही है। लगभग सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पिछले तीन साल से एंबुलेस नीलामी के लिए खड़ी है, लेकिन प्रशासन की तरफ से अभी तक एंबुलेंसों की नीलामी नहीं की गई है। वहीं मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग को नई एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए मिल गई थी। इसके बाद से पुरानी एंबुलेंस परिसर में खड़ी रहती है। बारिश में नियमित खड़ी होने से एंबुलेंस जर्जर होने लगी है। यहां तक कि अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस से उपकरण भी चोरी होने लगे हैं। वहीं कोरोना काल में मरीजों की सेवा में एंबुलेंसों ने खूब काम किया है। एंबुलेंस से संक्रमित मरीजों को अस्पताल में आइसोलेट के लिए लेकर जाते थे। यहां पर संक्रमित के स्वस्थ होने पर एंबुलेंस से घर छोड़ने के लिए जाते थे। उनमें से कुछ गाड़ियों को भी कंडम घोषित किया जा चुका है, तब से वह अस्पताल परिसर में लावारिस खड़ी है। आलम यह है कि बारिश के समय में ये एम्बुलेंस चूहों और अन्य कीड़ों का बसेरा बनने लगी है। इधर देख-रेख नहीं होने से कंडम एम्बुलेंस के पाट्र्स और भी खटारा होने लगे हैं। यदि जल्द ही नीलामी नहीं हुई तो एम्बुलेंस के जो पार्ट सही हालत में हैं वह भी खराब हो जाएंगे। आखिर में जब नीलाम की बारी आएगी तो जो राशि आज मिल सकती है वह कल नहीं मिलेगी। सीएमओ आफिस में दर्जनों एम्बुलेंस खड़े-खड़े खराब हो रही हैं।



कबाड़ में खड़ी एंबुलेंस।

> यह एम्बुलेंस अब सड़क पर चलने लायक नहीं है। उसका उपयोग क्षमता से अधिक हो चुका है, इसलिए इसे कंडम घोषित कर चुके हैं। नीलामी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भी लिखा जा चुका है। प्रशासन को भी पत्र लिखा जा चुका है। वहां से कमेटी का गठन होने पर एम्बुलेंसों की नीलामी की जाएगी।
> –डॉ. रोहताश कुमार, सीएमओ



### 108 कुंडीय महायज्ञ के पहले दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास अहिरोरी के ग्राम काईमऊ में शनिवार को आयोजित नौ दिवसीय 108 कुंडीय महायज्ञ के प्रथम दिन मंगलगिरी आश्रम से कलश में जल भर श्रद्धालुओं ने भूतनाथ मंदिर की परिक्रमा कर गांव का भ्रमण किया।

काईमऊ गांव में आयोजित नौ दिवसीय 108 कुंडीय महायज्ञ के पहले दिन अहिरोरी के मंगलगिरी आश्रम स्थित पौराणिक तीर्थ से जल लेकर निकले महिला-पुरुष से लेकर युवाओं-बच्चों ने पहले भूत नाथ मंदिर का परिक्रमा कर पूरे गांव का भ्रमण किया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के साथ लोग जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। गांव का भ्रमण करने के पश्चात सभी श्रद्धालु महायज्ञ स्थल काईमऊ पहुंचें, जहां आचार्य ने विधि विधान से पूजन कर स्थापना कराई। वेद मंत्रों के साथ कलश स्थापित किया गया। इस मौके पर सैकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### परीक्षा देने जा रही बाइक सवार छात्रा घायल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा देने जा रही बाइक सवार छात्रा की बाइक स्लिप होने से घायल हो गईं। घायल छात्रा का इलाज सीएचसी में भर्ती कराया गया। शनिवार को लक्ष्मी 27 वर्षी पत्नी स्व. अमित निवासी दौलतपुर थाना फतेहपुर चौरासी उन्नाव जो संत कृपाल इंटर कॉलेज गोसवा में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने बाइक से अपने साथी छात्र के साथ जा रही थी, तभी नगर पालिका गेट के पास अचानक बारिश के चलते बाइक स्लिप होकर गिरने से छात्रा लक्ष्मी घायल हो गई। घायल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। ऐसे में घायल होने से छात्रा परीक्षा में शामिल न हो सकी।

### एसपी ने अनुज मिश्रा को बनाया सीओ शाहाबाद



हरदोई। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने कानून ब्यबस्था को और भी बेहतर बनाने के लिए एक नए सीओ की आमद पर उनको तैनाती दी है। दो दिन पहले लखनऊ से तबादला कराकर आये सीओ अनुज मिश्रा को सीओ शाहबाद बनाया है। सीओ शाहबाद अनुज मिश्रा ने बताया की आपराधियो के खिलाफ अभियान चलाकर उनको पकड़ा जाएगा। किसी को अगर कोई समस्या हो तो मुझे सीधे आकर मिले समस्या का समाधान किया जाएगा। हर हाल में क्राइम कंट्रोल किया जाएगा। शासन के मंशा के अनुसार सब काम होंगे।

### कोतवाली के बगल में हुई 2.30 लाख रुपए की चोरी

हरदोई, अमृत विचार। बेखौफ चोरों की हरकतें थमने का नाम नहीं ले रहीं है। शुक्रवार की रात सण्डीला कोतवाली के बगल में स्टेशन रोड पर दो दुकानों के ताले तोड़ कर वहां से लाखों की नगदी के अलावा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए। सण्डीला कस्बे में स्टेशन रोड पर विजय गुप्ता की पेंट की दुकान हैएवही पास में नदीम का पिज्जा कार्नर है। शुक्रवार की रात में वहां पहुंचें चोरों ने विजय गुप्ता की दुकान का ताला तोड़ कर दो लाख और नदीम की दुकान से 30 हज़ार की नगदी पार कर दी। शनिवार की सुबह विजय जब अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो वहां टूटा हुआ ताला देख कर उसके कान खड़े हो गए। वहीं नदीम का भी वही हाल हुआ। विजय और नदीम ने पुलिस को तहरीर दी है।

# सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराकर की जाए कार्रवाई

## सीडीओ ने शाहाबाद तहसील में आयोजित समाधान दिवस में सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया। खराब मौसम के बाद भी विभिन्न विभागों से संबंधित 60 प्रार्थना पत्र आए। जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शासन की मंशा के अनुरूप हर शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे आम जनमानस को एक ही पंडाल में सभी विभागों से संबंधित न्याय दिलाया जा सके। इसी के सापेक्ष शनिवार को तहसील सभागार में सीडीओ सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ द्वारा उपस्थित सभी विभागों के कर्मचारियों को तहसील दिवस में आए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सात दिवस में करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सरकारी व किसी गरीब की भूमि पर जो भी कब्जे हैं उनको तत्काल खाली करवाकर भूमाफिया के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। शनिवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते खराब मौसम में भी 60 फरियादी अपनी फरियाद लेकर आए, जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के लिए सात दिनों में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम पूनम भास्कर, तहसीलदार नरेंद्र कुमार, सीएमओ व ईओ सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



जनता की शिकायतें सुनतीं सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार



तहसील सदर में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं एडीएम प्रियंका सिंह। अमृत विचार

### तहसील सदर में 51 शिकायतों में से पांच का मौके पर किया गया निस्तारण

हरदोई, अमृत विचार। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक, मानक के अनुरूप एवं निर्धारित समय में कराएं। साथ ही सरकारी, पट्टे की भूमि एवं अन्य गरीबों की भूमि तथा मकान आदि पर कब्जों की शिकायत पर नाराजगी जताई। तहसील के सभी कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिए कि अपनी ग्राम पंचायतों का नियमित भ्रमण करें और सरकारी तथा पट्टे की भूमि व गरीबों की भूमि एवं मकान आदि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अगर कोई सरकारी आदि भूमि पर प्लाटिंग कर जमीन की बिक्री कर रहा है तो उनके भी विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजें। कहा कि सरकारी भूमि आदि पर अवैध कब्जा एवं प्लाटिंग कराने में किसी कानूनगो, लेखपाल या अन्य किसी अधिकारी की संप्लितता पाई गयी तो उनके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। वरासत के मामलों का निस्ताण त्वरित गति से कराया जाये और वरासत मामलों में लापरवाही न की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने भूमि कब्जों से संबंधित शिकायतों के संबंध में उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार को निर्देश दिये कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्ता परक एवं निष्पक्ष रूप से कराये और लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही करें। अपर जिलाधिकारी ने वृद्वावस्था, दिव्यांग तथा निराश्रित पेंशनरों की पेंशन सम्बन्धी शिकायतों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन लोगों की पेंशन किसी कारण रूक गयी है उनका सत्यापन कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल करायें। राशन वितरण, विद्युत, नहर, नलकूप आदि विभागों की प्राप्त शिकायतों पर भी एडीएम ने संबंधिकारियों को निर्देश दिय कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का शतप्रतिशत निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि गांव के भूमाफियाओं को चिह्नित करें।

### 3446 स्कूलों के खातों में भेजे गए 27 लाख

> परिषदीय स्कूलों के वार्षिकोत्सव व अभिभावक-शिक्षक बैठकों में होगा खर्च

हरदोई। सरकार ने कम्युनिटी मोबालाइजेशन के तहत जिले के 3446 परिषदीय स्कूलों में मनाए जाने वाले वार्षिकोत्सव और अभिभावकों के साथ बेहतर तालमेल बनाने के लिए होने वाली बैठकों में आने वाले खर्च के लिए एक स्कूल के खाते में 800 रुपये भेजे गए है। बीएसए विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि शासन ने ज़िले के 3446 परिषदीय स्कूलों के लिए कम्युनिटी मोबालाइजेशन के तहत 27 लाख 56 हज़ार 800 रुपये भेजे हैं। परिषदीय स्कूलों में वार्षिकोत्सव मनाने और अभिभावकों के साथ शिक्षको की बैठक के लिए 800 रुपये हर स्कूल के खातें में भेजे गए हैं। बताया कि सरकार परिषदीय स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और शैक्षिक स्तर को और बेहतर बनाने के लिए काफी गंभीर है। उन्होने शिक्षक और शिक्षिकाओं से सरकार की मंशा के तहत शिक्षण कार्य को संचालित करने को कहा है।

# अब राशन वितरण में आएगी पारदर्शिता

हरदोई



नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लोकभवन सभागार लखनऊ से प्रदेशभर में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने जनपद के दो राशन वितरकों को मॉडल दुकान की चाभी अपने हाथों से प्रदान की। विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम खेरवा कमालपुर के अंजनी कुमार व विकास खण्ड टोडरपुर के ग्राम बक्शीपुर के जितेंद्र ने मुख्यमंत्री के हाथों से चाभी प्राप्त की।

इस अवसर पर महोलिया शिवपार में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने फीता काटकर मॉडल दुकानों व ई-पॉस मशीनों का उद्घाटन किया। उन्होंने बावन विकास की ग्राम सभा महोलिया शिवपार में उचित दर विक्रेता शोभना को मॉडल शॉप की चाभी प्रदान की। कार्यक्रम में सूचना विभाग द्वारा एलईडी वैन के माध्यम से राज्य स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया, जिसे मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन व अन्य अतिथियों के साथ बड़ी संख्या मे ग्राम वासियों ने देखा। मुख्य अतिथि ने कहा कि राशन वितरण में नयी व्यवस्था से पारदर्शिता आएगी। मॉडल दुकानों की स्थापना से अब राशन वितरण के लिए एक स्थान नियत हो गया है। कार्ड धारकों को अब राशन लेने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन ने अपने सम्बोधन मे कहा कि सरकार भ्रष्टाचार निरोधक हर व्यवस्था अपनाने के लिए कृत संकल्प है। ई-पॉस मशीनों के आने से घटतौली की शिकायतों पर लगाम लगेगी।

इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा रवि प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह, बीडीओ बावन रामप्रकाश, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, ग्राम प्रधान प्रदीप गुप्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनता से सुझाव मांगेंगे भाजपाई

हरदोई

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव का संकल्प पत्र बनाने से पहले भाजपा ने जनता से सुझाव मांगे हैं। सुझाव अभियान की शुरुआत शनिवार को भाजपा कार्यालय पर की गई। 15 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम के बारे में पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने के क्रम में जनता से सुझाव मांगे गए हैं। सरकार ने तमाम योजनाएं जनहित में जारी की हैं। योजनाओं में क्या सुधार हो सकता है। इन सबके लिए सुझाव अभियान चलाया गया है।

मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सभी को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में और क्या बेहतर किया जा सकता है। इसके लिए सुझाव अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान शनिवार से शुरू किया गया है।



लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर जयप्रकाश को बधाई देते भाजपा जिलाध्यक्ष।

### हरदोई से जयप्रकाश तथा मिश्रिख अशोक बने प्रत्याशी

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी ने देर शाम कई प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। जिसमें हरदोई लोकसभा क्षेत्र से सांसद जयप्रकाश तथा मिश्रिख से सांसद अशोक रावत पुन: मैदान में उतारा है। पार्टी कार्यालय पर चल रही प्रेसवार्ता के दौरान ही दोनों लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा होते ही समर्थक खुशी से झूम उठे। प्रत्याशियों को बधाई देने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

# छात्र-छात्रा को डॉक्टर व इंजीनियर बनाने का लिया जिम्मा

## पहल

▶▶ सरकारी स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंचे मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने खर्च देने का किया वादा

हरदोई

अमृत विचार। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को डाक्टर और इंजीनियर बनाने की पहल की गई है। बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आए हुए अतिथि उनकी प्रस्तुति को देख कर गदगद हो गए। मुख्य अतिथि ने स्कूल के एक बालक और एक बालिका को डाक्टर और इंजीनियर बनाने का ज़िम्मा लेते हुए उनकी उच्च पढ़ाई का सारा खर्च उठाने के लिए हां की है।



टीएलएम के प्रदर्शन में बच्चों से जानकारी लेते बीईओ। अमृत विचार

दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण से वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। बच्चों ने टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। उनकी प्रस्तुति देखकर मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा गणेश वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने वार्षिकोत्सव के लिए प्रतिवर्ष 51 हज़ार की धनराशि देने की घोषणा की और विद्यालय स्टाफ के समर्पण की प्रशंसा करते हुए एक बालक व एक बालिका को उच्च शिक्षा के साथ-साथ उन्हे डाक्टर या इंजीनियरिंग की पढ़ाई का ज़िम्मा लिया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा सिंह व शिक्षिका कल्पना श्रीवास्तव, मनीष सिंह की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन स्नेह सिंह ने किया। वार्षिकोत्सव के विशिष्ट अतिथि बीईओ आरके द्विवेदी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया और बच्चों को गिफ्ट वितरित किए। इसके अलावा प्रतिभावान बच्चो को छात्रवृत्ति के साथ प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में श्यामजी गुप्ता, हरिओम त्रिवेदी, अनूप सिंह, श्रद्धा अग्रवाल, सुनील सिंह के अलावा तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

### काजल व अतुल बने बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर

वार्षिकोत्सव के दौरान प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर की छात्रा काजल यादव और छात्र अतुल सिंह को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर घोषित किया गया। काजल यादव एवं अतुल सिंह को घोषित किया गया। विशिष्ट अतिथि बीईओ श्री द्विवेदी ने बच्चों को प्रतिभाग करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया। आनंद द्विवेदी (डायट प्रवक्ता) ने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का शैक्षिक माहौल उत्कृष्ट अवस्था में है। विद्यालय के शिक्षक पूरी लगन और मेहनत के साथ अपना कार्य करते हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

हरदोई, अमृत विचार। बीच रास्ते में हुए हादसे में मुंडेर गांव से फर्रुखाबाद तिलक में शामिल होने जा रहे एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा दूसरा युवक ज़ख्मी हो गया, जिसे फर्रुखाबाद के डा.राममनोहर लोहिया हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि शुक्रवार को पाली थाने के मुंडेर निवासी सकटे की पुत्री का तिलक था, सकटे के नाते-रिश्तेदार और गांव के लोग तिलक चढ़ाने के लिए फर्रुखाबाद जा रहे थे। गांव निवासी 35 वर्षीय योगेश वहीं के भोले के साथ बाइक से फर्रुखाबाद जा रहा था। उसी बीच रास्ते में राजेपुर थाना इलाके में पुल के पास पहुंचते ही एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार योगेश और भोले दोनों ज़ख्मी हो गए। इसका पता होते ही वहां तमाम राहगीर रुक गए, आनन-फानन में दोनों बाइक सवारों को पास की सीएचसी पहुंचाया जा रहा था, लेकिन उसी बीच योगेश की रास्ते में मौत हो गई। जबकि भोले को फर्रुखाबाद के डा.राममनोहर लोहिया हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। खेती-किसानी करने वाला योगेश अपने तीन भाइयों में बड़ा था।

## सार-संक्षेप

### जनसेवा केंद्र का ताला तोड़कर नकदी चोरी

हरदोई, अमृत विचार। बैंक पर निशाना लगाने पहुंचें चोरों की दाल नहीं गली तो उन्होंने उसके बगल में जनसेवा केंद्र का ताला तोड़ कर डेढ़ लाख की नगदी और कई मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के भडायल में पीएनबी बैंक के बगल गांव के देवेंद्र सिंह जनसेवा केंद्र के साथ-साथ मोबाइल की दुकान चलाता है। शुक्रवार की देर रात वहां पहुंचें चोरों ने जनसेवा केंद्र का ताला तोड़ कर वहां रखे लगभग डेढ़ लाख रुपये और कई एंड्रॉयड मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार की सुबह इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। देवेंद्र सिंह की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन करनी शुरु कर दी है। वैसे लोगों का मानना है कि चोर बैंक में निशाना साधने की फिराक में थे, लेकिन वहां लगे सीसीटीवी कैमरे देख कर उनकी हिम्मत जवाब दे गई और उन्होंने देवेंद्र सिंह के जनसेवा केंद्र को निशाना बनाया। टड़ियावां पुलिस भड़ायल में पीएनबी बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरें के फुटेज खंगालने में जुट गई है। माना जा रहा है कि चोरी का खुलासा करने में इससे काफी मदद मिल सकती है। लोगों का कहना है कि चोरों ने कैसे-कैसे अपनी कारस्तानी को अंजाम दिया ? सब कुछ सीसीटीवी कैमरें में कैद होगा। पीएनबी की भड़ायल शाखा के सामने पुलिस की पिकेट तैनात रहती थी, लेकिन शुक्रवार की रात में वहां पिकेट नदारत थी, पुलिस के नाम पर वहां होमगार्ड तक नहीं दिखाई दिया। बैंक के बगल में जनसेवा केंद्र में हुई चोरी से लोग पुलिस की पिकेट पर सवाल उठा रहें हैं। भड़ायल में जनसेवा केंद्र में हुई चोरी की तहरीर भाजपा बूथ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने दी है। जनसेवा केंद्र के संचालक देवेंद्र सिंह ने बताया कि बीसी सखी के 95 हज़ार रुपये, 27 हज़ार की कीमत के मोबाइल, 28 हज़ार कीमत की दो सोने की अगूंठी और तकरीबन 35 हज़ार का और सामान चोरी गया है।



परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेती शिक्षिका।

### ढाई हजार से अधिक ने छोड़ी इंटर अंग्रेजी की परीक्षा

हरदोई, अमृत विचार। बोर्ड परीक्षा में लगातार परीक्षार्थी परीक्षाएं छोड़ रहे हैं। अब तक हजारों परीक्षार्थी परीक्षाएं छोड़ चुके हैं। शनिवार को इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा में 2818 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शनिवार को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के 39,529 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 36,711 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। प्रात: पाली में इंटर संगीत गायन, वादन तथा नृत्य कला की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। सचल दलों ने देशराज सिंह इंटर कालेज शाहाबाद, गुरुकुल इंटर कालेज कोटपाल सिंह, बालिका इंटर कालेज अटिया मझिगवां सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्रों पर जाकर परीक्षाओं का जायजा लिया।

### सांड़ के उत्पात से कस्बावासियों में दहशत

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला मलकंठ में एक नंदी ने उत्पात मचा रखा है, जिससे मोहल्ले वासियों में भय बना हुआ। मोहल्ले वालों को निकलना मुश्किल हो रहा है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि मोहल्ले कि कई बार पालिका में फोन किया गया। उसके बावजूद भी कोई भी पालिका कर्मी नहीं आया। इसके बाद मोहल्ले वासियों ने अपने-अपने घर को बंद कर लिया है। बताया जा रहा कि पागल नंदी सुबह से सभी को परेशान कर रहा है। गलीमत यह रही कि अभी तक कोई इसकी चपेट में नहीं आया है। वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# चुनाव के चलते अंतर्जनपदीय बार्डर पर लगाए गए बैरियर

हरदोई, अमृत विचार। आगामी लोकसभा की तैयारियां शुरू हो गयी है। जिले से सटे अन्य जनपदों में आने जाने के लिए बार्डर पर बैरियर लगा दिए गए हैं। पूरे जिले में 28 जगहों पर पुलिस ने बैरियर लगा दिये हैं। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने पड़ोसी जनपदों की सीमा पर चुनाव के दौरान नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा है कि पड़ोसी जनपदों से मिलने वाले विभिन्न मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करना सुनिश्चित करें, जिससे सीमाओं पर हो रही आवाजाही की मॉनीटरिंग नियमित रूप से होती रहे। साथ ही उन्होंने बैरियर पर नियमित चेकिंग अभियान, पेट्रोलिंग बढ़ाने सहित अन्य गतिविधि बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस अधीक्षक केशवचन्द गोस्वामी ने अन्य विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, चेकिंग अभियान, समय-समय पर बैठक करने सहित अन्य गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर कच्ची शराब, ड्रग्स सहित अन्य पर भी नजर बनाए रखें। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिले से सटी अंतर्जनपदीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर चौकसी बढ़ा दी है।

# सोशल ऑडिट टीम ने गांव पहुंचकर लाभार्थियों से ली जानकारी

हरदोई

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद पिहानी में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-2022 में स्वीकृत परियोजनाओं के लाभार्थियों का सोशल ऑडिट क्षेत्रीय नगर एवं अध्ययन केंद्र लखनऊ से आई सोशल ऑडिट टीम द्वारा किया गया। लाभार्थियों के अभिलेखों की जांच के साथ ही सोशल आडिट टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया।



लाभार्थियों के अभिलेखों की जांच करते सोशल टीम के सदस्य।

क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ के सोशल आडिट सलाहकार अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में आई टीम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लाभार्थियों का डीपीआर देखा। लाभार्थियों से टीम सदस्यों ने शहरी आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के बाद का अनुभव जाना। लाभार्थियों ने बताया कि वर्षा के दिनों होने वाली परेशानी अब दूर हुई है तथा वह अब अपना खुशहाल और जीवनयापन कर रहे है। डूडा की ओर से तकनीकी जांच के बारे में टीम सदस्यों ने लाभार्थियों से जानकारी ली। टीम ने लाभार्थियों के आवासों का स्थलीय निरीक्षण किया। उक सोशल ऑडिट में डूडा की परियोजना अधिकारी संगीता सिंह, सीएलटीसी आशुतोष गुप्ता, जिला समन्वयक विकास भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, अमन सिंह एवं सर्वेयर विशाल, अंकित, राजूपाल, रवि पटेल, दिलीप कुमार, युवराज, सौरभ एवं नगर पालिका पिहानी स्टाफ मौजूद रहे।

### विकास कार्यों में हुए फर्जीवाड़ा की जांच करने पहुंचे एडीओ पंचायत

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में फर्जीवाड़ा करने के मामले में ग्रामीणों व किसान संगठन दशहरी द्वारा पूर्व में विकास खण्ड अधिकारी को जांच करने के लिए दिए गए ज्ञापन के बाद एडीओ पंचायत सुधाकर बाजपेई कोथावां ने ग्राम पंचायत महमूदपुर पहुंच कर विकास कार्यों की जांच प्रारंभ कर दी। जांच के दौरान ग्रामीणो व ग्राम पंचायत सदस्यों ने बताया कि ग्राम पंचायत में कई वर्षों से खुली बैठक नहीं हुई है और ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने तरीके से विकास कार्य कराकर उनमे फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायत सदस्यों मे नाराजगी व्यक्त की। वहीं ग्राम पंचायत में हो रहे नाली निर्माण कार्य का भी लोगों के द्वारा विरोध किया गया, जिसके बाद एडीओ पंचायत सुधाकर बाजपेई ने खुली बैठक आयोजित की। जिसमें ग्रामीणो व सदस्यों के द्वारा सोकपिट नाली निर्माण कराए जाने के पक्ष में हस्ताक्षर किए, एडीओ पंचायत ने आगामी विकास कार्यों को खुलीं बैठक कराकर सर्व सहमति के आधार पर कयाए जाने के लिए ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

# प्रत्येक वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

## सांसद रेखा वर्मा ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान के दौरान लोगों से साझा की जानकारी

संवाददाता, सीतापुर


योजनाओं की जानकारी देतीं सांसद रेखा वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवप्रताप व अन्य भाजपा नेता।

**अमृत विचार।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर सीधे जनता को मिल रहा है। सरकार की योजना परक सुविधाएं गांव के प्रत्येक वर्ग व तबके को प्राप्त हो रहीं हैं। उक्त बाते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व धौरहरा लोकसभा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र के पिसावा व महोली विकास खंड के दौरे के दौरान योजनाओं से लाभान्वित लोगों से मुलाकात भी की।

शनिवार को धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने लोकसभा क्षेत्र के महोली विकास खंड के कुसैला व रमुआपुर साथ ही पिसावा कस्बे में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत दौरा किया। इस दौरान सांसद ने सरकार द्वारा योजनापरक योजनाओं जैसे शौचालय, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, कन्या सुमंगला योजना आदि कई प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों से मुलाकात कर उनसे उनका कुशल क्षेम भी जाना। इस मौके पर सांसद रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि भाजपा की दोनों केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। अच्छी बात यह है कि योजनाओं का सीधा लाभ जमीनी स्तर पर लोगों को मिल रहा है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत को बहुत जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया जाए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव मंडल अध्यक्ष पिसावा शिव प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान लालू यादव, पूर्व जिलापंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, राहुल सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अन्नपूर्णा भवन में एक ही जगह पर मिलेंगी कई वस्तुएं


अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन करते नगर विकास राज्यमंत्री।


राशन वितरण करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

सीतापुर

▸▸ जनपद के रहीमाबाद से नियाज खान को मिली नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन की चाभी

**अमृत विचार।** शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह 10 बजे लोक भवन सभागार में उप्र सचिवालय, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा (मॉडल उचित दर दुकान) के लोकार्पण तथा ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण का बटन दबाकर शुभारंभ किया। जिसकी लाईव स्ट्रीमिंग जनपद के विकास खण्ड खैराबाद के ग्राम पंचायत भिमरी एवं विकास खण्ड रेउसा के ग्राम पंचायत थानगांव में जनप्रतिनिधियों, आम जनमानस व लाभार्थियों ने देखा और सुना। वहीं, अन्नपूर्णा भवन में आपको राशन के साथ-साथ घरेलू खाने-पीने की अन्य वस्तुएं भी मिलेंगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन की चाभियों का वितरण भी किया, जिसमें जनपद के रहीमाबाद से नियाज खान को चाभी दी गई। विकासखण्ड खैराबाद के ग्राम पंचायत भिमरी में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जबकि विकास खण्ड रेउसा के ग्राम पंचायत थानगांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का विधायक सेउता ज्ञान तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत भिमरी में उद्घाटन के अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का हो निस्तारण

## जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की सुनीं शिकायतें, दिए निर्देश

संवाददाता, सीतापुर


मिश्रिख तहसील में जनससमस्याएं सुनते डीएम अनुज सिंह।

**अमृत विचार।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने जो शिकायत की है, उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 33 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# मां संकटा देवी धाम का एक करोड़ 41 लाख रुपए से होगा विकास

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए योगी सरकार ने पिटारा खोल दिया है। वंदन योजना के तहत विधायक व जिलाधिकारी के संयुक्त प्रयास से यहां होने वाले विकास कार्य के लिए भेजे गए प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए शासन द्वारा एक करोड़ 41 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। यह जानकारी देते हुए महमूदाबाद नगर पालिका के ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या की पहल पर जिलाधिकारी सीतापुर अनुज सिंह द्वारा मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए वंदन योजना के तहत शासन को विकास कार्य कराए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संपर्क मार्ग, विश्रामालय, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, सीसी सड़क व इंटररलाकिंग आदि के निर्माण के लिए एक करोड़ 41 लाख 27 हजार रुपए स्वीकृत करते हुए शासनादेश जारी कर दिया गया है। मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए धन स्वीकृत होने पर पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, रामकुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, धाम समिति अध्यक्ष रमेश वाजपेयी, चंद्रकांत रस्तोगी, आरजे वर्मा, राजेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

# भारी वाहन की चपेट में आया युवक, मौत

लहरपुर, सीतापुर

▸▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, दूसरा घायल

**अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केशरीगंज में दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर के बाद लकड़ी से लदे पटेला की चपेट में आने से एक की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शनिवार सुबह लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में एक मोटरसाइकिल पर सवार साहिबे आलम (28 वर्ष) निवासी काशीराम कॉलोनी थाना खीरी, शकील (45 वर्ष) निवासी कबाडिया टोला थाना खीरी और दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार सलमान निवासी कबड़िया टोला थाना खीरी दोनों आपस में टकरा गए, लहरपुर की तरफ आ रहे एक लकड़ी से लदे पटेला की चपेट में आने से साहिबे आलम का पेट फट गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई और बाइक पर बैठे शकील को भी हल्की-फुल्की चोटें आई। जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। दुर्घटना के दौरान लकड़ी से लदे पटेला का पहिया फट गया। जबकि दुर्घटना में दूसरा बाइक सवार सलमान बाल-बाल बच गया।

बताया जा रहा है कि सभी लोग बिसवां जा रहे थे। मोटरसाइकिल सवारों ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक ऋषभ यादव व पुलिस बल ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल शकील की हालत सामान्य होने पर उसको अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने ट्रेक्टर व पटेला को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को दी मोटर ट्राईसाइकिल


ट्राईसाइकिल पाकर खुश दिव्यांग व मौजूद नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व अन्य लोग।

**अमृत विचार, सीतापुर।** विकासखंड खैराबाद इलाके में शनिवार को ग्राम सभा विशुननगर स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के कार्यालय पर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने की। बैठक के दौरान मौजूद नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को शिक्षा और रोजगार के मिल रहे हैं। अवसर और आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन निरंतर दिव्यांग समाज के लिए और उनके उत्थान हेतु प्रयत्नशील कार्य कर रहा है। मंत्री ने संगठन की भुरी भुरी प्रशंसा करते हुए मंत्री ने दस दिव्यांगजनों को मोटर ट्राई साइकिल वितरित की। दिव्यांग जन मोटर ट्राई साइकिल पाकर खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव बिंदू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल, उत्तम कुमार, सलीम, भोलानाथ, पूजा देवी, टीकाराम, सीमा, नवल किशोर यादव, रामचन्द्र, अनीता पाल आदि पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

### मोडिफाई साइलेंसर लगी तीन बुलेट सीज

**सीतापुर, अमृत विचार।** परिवहन विभाग ने शनिवार को मोडिफाई साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैला रही बाईकों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की। गयी। एआरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत कुल 16 बाईकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 03 बुलेटों को थाने में सीज किया गया है। उन्होने बताया कि जनपद में मोडिफाइ साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में चलने वाले बाईक सवारों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। पकड़े जाने पर एमवी एक्ट के तहत दस हजार रूपया जुर्माना लगाया जायेगा। उन्होने बताया कि जिन बाईकों में मानक अनुरूप साइलेंसर नही है वह स्वयं इसकी जांच करा लें और जुर्माने से बचे। एआरटीओ ने बताया कि यातायात के नियम लोगो के जान माल की सुरक्षा के लिये बनाये गये है इनका पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### अपनी टीम के साथ लाभार्थियों के घर पहुंचे, बताईं योजनाएं

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अंतर्गत शनिवार को हरगांव विधान सभा के अंतर्गत भाजपा की लाभार्थी विशेष संपर्क अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत हरगांव के मंडल झरेखापुर क्षेत्र में मण्डल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह व लाभार्थी सम्पर्क अभियान के संयोजक अनुज शुक्ल ने अपनी टीम के साथ लाभार्थियों से संपर्क कर केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की शनिवार को विधानसभा हरगांव के मंडल झरेखापुर के शक्ति केंद्र धरनाग में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से हरगांव विधानसभा के भाजपा झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, अनुज शुक्ल, पंकज पांडेय, अभय सिंह, आदि लोग शामिल रहे।

### एक ही मंडप के नीचे जीवन की नई डगर पर चले 151 जोड़े


सामूहिक विवाह के उपरांत मौजूद वर–वधू सहित समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार, सीतापुर।** विकासखंड महोली इलाके में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 151 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। शनिवार को एक ही मंडल के नीचे पूरे विधि विधान के साथ कन्याओं का विवाह उपरान्त जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों ने उन्हें आर्शीवाद देकर विदाई दी। विवाह के उपरान्त उन्हें नकदी सहित अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शनिवार को कस्बे के बाईपास स्थित स्थल पर पंडाल में महोली ब्लॉक के 23, पिसावां ब्लॉक के 106 तथा हरगांव ब्लॉक के 22 जोड़े धार्मिक रीति रिवाज से शादी के बंधन में बंध गए। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समूहिक विवाह में शामिल प्रत्येक जोड़े के खाते में 35 हजार रुपये की नगद धनराशि भेजी जाएगी। जबकि उन्हें श्रंगार सामग्री, साड़ी, सौंदर्य सामग्री, बक्सा, ट्राली बैग, पायल, बिछिया, कुकर डिनर सेट आदि सामग्री दी गई है। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मावर, बीडीओ प्रदीप सिंह, पिसावां बीडीओ अमित यादव, बीडीओ आत्मप्रकाश रस्तोगी, एडीओ पंचायत हृषिकेश शुक्ला, सहित जनप्रतिनिधि व ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# 2024 में भाजपा जिले में लिखेगी इतिहास : राजेश

सीतापुर

▸▸ जनपद से जुड़ी चारों लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित, भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई


भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सीतापुर जिले से जुड़ी चारों लोकसभा सीटों पर सांसद राजेश वर्मा, धौरहरा सांसद रेखा वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मिश्रित सांसद अशोक रावत तथा मोहनलालगंज सांसद केंद्रीय नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर को पुनः पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सभी प्रत्याशियों एवं शीर्ष नेतृत्व को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि हमारे चारों सांसदों ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार गरीब कल्याण की योजनाओं पर निरंतर कार्य किया। जिससे जनपद का जन-जन भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारे चारों सांसदों ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का बखूबी पालन किया एवं जनपद में विकास के कीर्तिमान स्थापित किये जिससे पार्टी ने उनको पुनः प्रत्याशी बनाकर विश्वास कायम रखा है। जिला अध्यक्ष ने सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से अपील की है कि आज से ही तन मन धन से सभी लोग चुनाव में लग जाएं एवं भाजपा के सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए प्रयास करें। राजेश शुक्ला ने यह भी बताया कि इस बार 2024 में भारत विश्व गुरु बनने के कगार पर खड़ा है। ऐसे में यह चुनाव न होकर राष्ट्रीय यज्ञ है और इस राष्ट्रीय यज्ञ में ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराना भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का धर्म है। उन्होंने यह भी बताया कि नरेंद्र मोदी के सुरक्षित हाथों में भारत को देना हम सब भारतवासियों का कर्तव्य भी है।

# मुठभेड़ में 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश घायल

▸▸ सर्च अभियान के दौरान क्राइम ब्रांच व पुलिस टीम से हुई मुठभेड़

▸▸ अवैध असलहे व कारतूस सहित 15 हजार की नकदी बरामद

सीतापुर


मुआयना करते एसपी चक्रेश मिश्रा व मौजूद क्राइम ब्रांच की टीम।


गिरफ्त में दोनों बदमाश व मौजूद पुलिस टीम।

**अमृत विचार।** कमलापुर थाना इलाके में 25-25 हजार के दो इनामिया अन्तर्जनपदीय बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने का दावा किया है। शनिवार की दोपहर हुई मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हुए। दोनों को हिरासत में लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुठभेड़ के बाद पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा में घटनास्थल का मुआयना किया।

जानकारी के अनुसार, कमलापुर और सिधौली कोतवाली में दर्ज चोरी नकबजनी की वारदातों में फरार चल रहे बदमाशों की सुराग में क्राइम ब्रांच और कमलापुर की संयुक्त पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सरौरा कलां जंगल में एक बदमाश की सुरागरसी की जा रही थी। पुलिस ने दावा करते हुए बताया कि इस दौरान एक बदमाश के दिखने पर पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने घायल दोनों बदमाशों की शिनाख्त कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुठभेड़ की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसपी ने मौका मुआयना कर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि दोनों बदमाशों की पहचान कल्लू पुत्र चिराग अली वर्तमान पता-सरोरा कलां, थाना कमलापुर और दूसरे बदमाश की पहचान जगदीश उर्फ जलजीरा पुत्र सोहन पासी (आवासीय वर्तमान पता गंज मजरा हीरापुर मछरेहटा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह दोनों बदमाश शतिर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। मौके से अवैध असलहे सहित जिन्दा कारतूस व 15 हजार की नकदी बरामद की है।

**कल्लू पर दर्ज हैं 25 मुकदमें**

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया की गैंग के मास्टरमाइंड सहित कल्लू सहित जगदीश पर फरार होने के चलते 25-25 हजार का इनाम घोषित कर गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया था। मुठभेड़ में घायल बदमाश कल्लू पर कमलापुर थाने में कुल 25 मुकदमे दर्ज है। जबकि दूसरे बदमाश कल्लू जगदीश पर विभिन्न थानों में कुल 12 मुकदमे दर्ज है। इन बदमाशों के खिलाफ चोरी, नकबजनी सहित विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

### आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना पिसावां की पुलिस चौकी कुतुब नगर पर महाशिवरत्रि 84 कोशीय परिक्रमा मेला, रमजान और होली के त्योहार और आने वाले चुनाव में शान्ति व्यव्स्था के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में आए हुए चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, मौलवियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों को थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान और चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिह ने बताया कि सभी लोग आपस में शांतिपूर्वक रहें, अगर आप अच्छा व्यवहार करेंगे। पुलिस आपके साथ है, आप लोग भयभीत न हों। किसी भी समय आपको हमारी जरूरत हो आप मेरे नंबर पर काल करके बता सकते हैं। इस अवसर पर वजीर नगर पूर्व प्रधान निजामुद्दीन, कुतुब नगर प्रधान प्रतिनिधि नैमिष गुप्ता, प्रधान कैथोलिया राणा प्रताप, प्रधान प्रतिनिधि सुल्तान नगर राधेश्याम, प्रधान मोहम्मद नगर दशरथ, करुणेन्द्र कुमार, अनिल वर्मा, अंकित, प्रधान आम्बी रामू आदि सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

**तैयारियां** — जिले से जुड़ी चारों लोकसभा सीटों पर मौजूदा सांसदों पर भाजपा ने जताया भरोसा

# सियासी अटकलों पर विराम, चारों सांसदों को मिला टिकट

अमृत विचार


सांसद रेखा अरुण वर्मा।


सांसद राजेश वर्मा।


सांसद अशोक रावत।


सांसद कौशल किशोर।

**सीतापुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ते ही भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पहली सूची जारी कर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। सीतापुर सहित जिले से लगने वाली तीन अन्य सीटों धौरहरा, मिश्रिख और मोहनलाल गंज पर भी बीजेपी ने मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। फाइनल सूची आते ही जनप्रतिनिधियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। खुशियां मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मिठाई खिलाई खिलाकर बधाई दी।

बताते चले कि 2024 के चुनावों की तैयारियां अपने अंतिम पड़ाव पर हैं। सभी दलों की सक्रियता अब पोस्टरों और जनता के बीच दिखने लगी है। विपक्षी पार्टियों द्वारा गठबंधन होने के बाद से ही सपा सहित अन्य पार्टियों ने प्रत्याशियों की घोषणाओं की तेजी से शुरुआत कर दी थी। ऐसे में देश की सबसे बड़ी पार्टी मानी जाने वाली भाजपा भी पूरी दमदारी के साथ मैदान में चुनावी जंग के लिए ताल ठोक दी है। बीजेपी हाईकमान ने केंद्र में सबसे अधिक सीट की हिस्सेदारी रखने वाले उत्तरप्रदेश राज्य में में लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणाओं दी है। भाजपा ने धौरहरा लोकसभा सीट से महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी रेखा अरुण वर्मा को एक बार फिर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके साथ ही लोकसभा सीट मिश्रिख से अशोक रावत व सीतापुर सीट पर दिग्गज कई से बार सांसद रहे राजेश वर्मा पर फिर से भरोसा जताया है। वही मोहनलालगंज सीट से सांसद बन कर केंद्रीय मंत्री बने कौशल किशोर पर भाजपा ने फिर अपना भरोसा जताया है। बीजेपी ने शनिवार देर शाम लोकसभा क्षेत्र सीतापुर और सीमा से लगने वाली धौरहरा व मिश्रिख सहित मोहनलालगंज सीट पर काफी दिनों से लगे अटकलों पर विराम दे दिया है। बीजेपी ने सीतापुर जिले से जुड़ी इन चारों सीटों पर मौजूदा सांसदों को अपना प्रत्याशी बनाकर घोषण कर दी है। चारों सीटों पर चल रही अटकलों पर विराम लगते ही सभी के समर्थकों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहार दौड़ गई है।

### बाइक सवार ने ऑटो रिक्शा में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**कुतुबनगर सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां थाना क्षेत्र के कुतुब नगर पिसावां मार्ग निकट पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल सवार ने ऑटो रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मोटर साईकिल पर तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको 108 की मदद से सीएचसी भिजवाया। पिसावां थाना क्षेत्र के कुतुबनगर पिसावां मार्ग पर निकट पेट्रोल पम्प के निकट मोटरसाइकिल सवार अनिल व नरेश निवासी मूड़ा खुर्द व एक अज्ञात थाना पिसांवा जोकि मोटरसाइकिल यूपी 34 बी क्यू 5747 से कुतुबनगर से अपने घर को जा रहे थे। तीनों ही शराब के नशे में धुत होने के कारण मोटर साईकिल का संतुलन बिगड़ गया। ऑटो रिक्सा में पीछे से जोर दार टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर चैकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह ने 108 की मदद से घायलों को सीएच सी भिजवाया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैजवारी, विकासखंड रेउसा सीतापुर**

पत्रांक : मेमो/15वां वित्त/ राज्य वित्त /निविदा प्रपत्र/2023–24 दिनांक : 28.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से 14वीं वित्त/ राज्य वित्त योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने हेतु क्षेत्र के ईट भट्ठा स्वामीयों एवं अन्य सामग्री विक्रेताओं के निम्न विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री के आपूर्ति हेतु दिनांक 5. 3.2024 को शाम 5.00 बजे तक दरें निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं निविदा प्रपत्र दिनांक 28.2.2024 से दिनांक 4. 3.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाहन 11.00 बजे अपराह्व 1.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नगद भुगतान करके सचिव ग्राम पंचायत बैजवारी से प्राप्त किया जा सकते हैं निविदा दाता भट्ठा स्वामी आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपनी मोहर बंद निविदा दिनांक 4.3.2024 को शाम 6.00 बजे तक ग्राम पंचायत प्रधान अथवा सचिव के पास व्यक्तिगत से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती है प्राप्त निविदाएं दिनांक 5. 3. 2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में पूर्वाह्व 11.30 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी निविदा के साथ जीएसटी पंजीकरण पैन कार्ड तथा 10 रुपए के स्टांप पेपर पर फोटो सहित सब घोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो संलग्न करना होगा निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा ऊपरी लेखन मान्य नहीं होगा निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा सामग्री की दरों में लदाई उतराई हुआ ढुलाई भाड़ा तथा आयकर एवं व्यापार कर सहित शामिल होगा बिना कारण बताएं किसी भी निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार प्रदान अथवा सचिव ग्राम पंचायत बैजवारी को होगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा फार्म भरना होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन के अनुसार कार्य का प्रकार | प्राक्कलित लागत | सामग्री आपूर्ति की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश के घर से जगदीश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | निर्माण कार्य | 187600 | 148898 | 200 |

जिस टेंडर दाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर में स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का 02 प्रतिशत जमानत /धरोहर की धनराशि का एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 जो प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के पक्ष में बन्धक होगा जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

**राज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव** **बैजवारी राम कली, प्रधान**
**ग्राम पंचायत बैजवारी, विकासखंड रेउसा सीतापुर**

# आयुर्वेदः आयु का विज्ञान



हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरुआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आंतरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्ववेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर. आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कोरोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरुआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसंपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड इफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आंकलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाइबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती हैं। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिबिडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिबिडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियां को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

# शब्द अमृत भी और विष भी

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।



सलिल पांडेय

मिर्जापुर

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

# देवभावना का स्रोत है मानव मन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी

सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

# जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल

वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

# पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी

कोलकाता

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

# उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य



प्रो. मीना यादव

हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/ (वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे- संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/ लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

# मर्यादा और पाखंड



मटुक नाथ चौधरी

सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तदनुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, परिवार में कोहराम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बेटी की गोदभराई कर परिजन शादी की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच ट्रेन की चपेट मे आने से पिता की मौत हो गई। पिता के मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ रेल खंड के पखरौली फतेपुर गांव के पास शनिवार को एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर दुर्घटना होने के बाद लोको पायलट ने इसकी सूचना सुलतानपुर स्टेशन मास्टर को दी। दुर्घटना की सूचना स्टेशन अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की तो मृतक की पहचान अवधेश गुप्ता (60) पुत्र रामकेदार निवासी शिवपुर गौरा के रूप में हुई है। कोतवाली देहात पुलिस ने सूचना परिजनों को देते हुए जीआरपी को अवगत कराया। परिजनों की मानें तो मृतक अवधेश गुप्ता एक वर्ष से मानसिक रूप से पीड़ित थे। जिसकी दवा हो रही थी। शुक्रवार रात लगभग 12 बजे वह साइकिल लेकर घर से शौच के लिए निकले थे। मृतक अवधेश के पांच पुत्री व दो पुत्र हैं। सबसे छोटी पुत्री पिंकी की गोदभराई तीन दिन पहले हुई थी। शनिवार को शादी की तिथि निश्चित होनी थी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्मृति ईरानी के नेतृत्व में अमेठी का हो रहा विकासः जितेंद्र सिंह

गौरीगंज, अमेठी

▸▸ जनता ने जातिवाद, परिवार वाद और वंशवाद की राजनीति को नकारा

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोकसभा एवं विधानसभा संचालन समिति, कोर कमेटी एवं प्रभावशाली मतदाताओं की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने की तथा कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार अमेठी में भारतीय जनता पार्टी की पुनः ऐतिहासिक विजय होगी।

आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज देश ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा कराए जा रहे अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने करोड़ों परिवारों को शौचालय मुहैया करा कर बहन बेटियों की आबरू को सुरक्षित किया, तथा स्वच्छता अपनाते हुए अनेक बीमारियों को भगाने का कार्य किया।

महिलाओं को उज्जवला गैस प्रधान कर धुएं से छुटकारा दिलाने का कार्य किया, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में आज



माल्यार्पण कर स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

भारत विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है। देश ही नहीं दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है, ऐसे में अमेठी की लोक प्रिय सांसद दीदी स्मृति जुबिन इरानी को पिछली बार की अपेक्षा कई गुना अधिक मतों से विजई बनाने के लिए आप सभी कार्यकर्ता कमर कस लें और जनता के बीच में जाते हुए जनता को सरकार की योजनाओं से अवगत कराएं उन्होंने कहा कि देश में करोड़ों परिवार को प्रतिमाह मुफ्त अनाज मिल रहा है। अयोध्या में हम सभी के आराध्य सनातन धर्म के गौरव भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की स्थापना हो चुकी है, जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर मोदी सरकार ने एक भारत अखंड भारत का संदेश दिया है। आज कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा लहरा रहा है नौजवानों को रोजगार देने का काम भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने किया है, महिलाओं को स्वालंबी बनाते हुए महिला सशक्तिकरण का कार्य भारतीय जनता पार्टी कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर मोदी सरकार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बाबा का बुलडोजर गरज रहा है अपराधी उत्तर प्रदेश की सीमा छोड़कर चले गए हैं उत्तर प्रदेश में राम राज्य स्थापित हो चुका है।

जो कार्य राहुल गांधी ने 15 साल सांसद रहते हुए अमेठी में नहीं किया, उससे अधिक कार्य 5 साल में अमेठी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री दीदी स्मृति जुबिन ईरानी ने अमेठी में किया है। अमेठी नाम दारों के लिए नहीं बल्कि कामदारों के लिए जानी जाती है, अमेठी अपने विकास के लिए और स्मृति ईरानी के लिए दुनिया में जानी जाती है। उन्होंने अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर, तिलोई और सलोन सभी विधानसभाओं के संचालन समिति एवं लोकसभा के सदस्यों तथा विधान सभाओं की कोर कमेटी के सदस्यों तथा क्षेत्र के प्रभावशाली मतदाताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी 400 प्लस के साथ सरकार बनाएगी। ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए लोकसभा चुनाव के कार्य में लग जाए।

# चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

▸▸ शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी



समाधान दिवस में समस्याएं सुनतीं डीएम और एसपी।

**अमृत विचार।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार रात जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।

अमेठी में कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, मुसाफिरखाना में 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 5 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 18 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें 2 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पार्टी के विधायक को लेकर दिखा आक्रोश

**अमेठी।** जिला मुख्यालय समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक हुई, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव और संचालन जिला महासचिव अरशद अहमद ने किया। हालिया राज्यसभा के चुनाव को लेकर पार्ट कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश दिखाई दिया। विधायक द्वारा पार्टी के साथ किए गए बर्ताव को गद्दार करने वाला कदम बताया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि आने वाला लोकसभा चुनाव हम सबकी परीक्षा की घड़ी का अवसर हैं। हमारी लड़ाई संविधान विरोधी ताकतों से हो रही हैं। जिसे हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुल कर लड़ना हैं। केंद्र की सरकार उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जाना हैं, हर बूथ पर पार्टी समर्थित प्रत्याशी को जिताना हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें अपने मत से विधानसभा पहुंचाया वह पार्टी के दु:ख की घड़ी में साथ छोड़ अंतरात्मा की आवाज पर कार्य करने लगे। जो बहुत ही निंदनीय कदम था। जिसका बदला विधानसभा की जनता आने वाले चुनाव में लेगी। कार्यक्रम में चंद्रशेखर यादव, जैनुल हसन, आरके यादव, डॉ. सीपी यादव, राकेश यादव, मुकेश यादव, जावेद खान, छेदी लाल साथी, शिव प्रताप यादव, सोनू अंसारी, आनंद वर्मा, महेंद्र यादव, प्रतिभा यादव विधानसभा अध्यक्ष महिला सभा आदि मौजूद रही।

# जरूरतमंदों को योजनाओं का मिल रहा है सीधा लाभ : राज्यमंत्री

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ से प्रदेश में 1100 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण तथा 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों से खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद अमेठी में सात अन्नपूर्णा भवन क्रमशः इन्हौना, पीपरपुर, मकदूमपुर कला, भटगवां, घाटमपुर, पीढ़ी व कठौरा में किया गया।

मुख्य कार्यक्रम अन्नपूर्णा भवन इन्हौना में किया गया जिसमें राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, जिलाधिकारी निशा अनंत, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत राज्य मंत्री ने फीता काटकर अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने उचित दर विक्रेता को अन्नपूर्णा भवन की चाबी सौंपी। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की दूरदर्शी एवं विकास परक सोच तथा व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन में आधुनिक तकनीकी के उपयोग का ही परिणाम है कि आज सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंदों को मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाज का हर व्यक्ति पूरे मान सम्मान के साथ रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता किए बिना खुशहाली से जीवन यापन कर रहा है। सरकार विभिन्न विभागों के माध्यम से सभी केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शितापूर्ण एवं योजनाबद्ध तरीके से पहुंचा रही है। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया कि जनपद अमेठी में कल 75 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाना है जिसमें से 7 बन गए हैं और 11 पूर्ण होने की स्थिति में है।

उन्होंने अन्नपूर्णा भवन के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अन्नपूर्णा भवन के माध्यम से राशन के साथ ही जन सेवा केंद्र (सी.एस.सी.) पर मिलने वाली सुविधाएं जैसे आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आदि की सुविधा अब अन्नपूर्णा भवन पर मिलेगी, जिससे ग्राम पंचायत के व्यक्तियों को अपने उपरोक्त ऑनलाइन कार्य हेतु ग्राम पंचायत के बाहर तथा दूर तहसील अथवा मुख्यालय पर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इसी माह से सभी उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पास मशीनों को स्थापित किया जाएगा जो की ऑनलाइन सिस्टम से कनेक्ट होगी जिससे घटतौली की संभावना शून्य हो जाएगी और राशन कार्ड धारकों को उनका पूरा खाद्यान्न प्राप्त होगा।

## स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक अभियुक्त को स्मैक के साथ धर दबोचा। जिसके के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मऊ अतवारा मोड़ शुकुल बाजार रोड पर उस वक्त हडकंप मच गया जब मुखबिर की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आ रहे एक वाहन को रूकने का इशारा किया जहां पुलिस को देख वाहन चालक ने वाहन की गति तेज कर भागने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अभय प्रताप सिंह निवासी बड़ी कटरिया थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ बताया तथा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 18 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करने का पुलिस ने दावा किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर राकेश सिंह ने बताया कि वाहन को सीज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# युवती की मौत मामले में पति समेत चार पर केस

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** विवाहिता खुशबू की मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को कोतवाली के कटसारी गांव में अमित कुमार की पत्नी खुशबू (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलने के बाद खुशबू के मायके वाले कटसारी आए।

मृतका की माता अमरावती देवी की दी गई तहरीर के अनुसार उनकी पुत्री खुशबू की शादी कादीपुर कोतवाली के कटसारी गांव के शोभनाथ के पुत्र अमित कुमार के साथ 11 जनवरी 2022 को हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पल्सर बाइक एवं दो लाख नगद की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर लड़की को मार डालने की धमकी देते थे। घटना के 10 दिन पूर्व भी खुशबू की विदाई कराने गए लोगों को गाली गलौज देकर ससुराल वालों ने भगा दिया। आरोप है की शुक्रवार को घटना की सूचना मिलने पर मायके वालों के ससुराल पहुंचने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए ससुराल के लोग दौड़ा लिए। मृतका की मां अमरावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति अमित कुमार, ससुर शोभनाथ, सांस विद्या देवी, जेठ धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## नेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

**अमेठी।** शनिवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए नेशनल सेमिनार का आयोजन एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज द्वारा मैक्सन रिजॉर्ट, जगदीशपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम वैभव खरे, सहायक निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज द्वारा मुख्य अतिथि सूरज पाल, आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी का स्वागत किया गया। सबसे पहले श्री एल बी एस यादव संयुक्त निदेशक एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम का उद्देश्य बताया एवं एमएसएमई मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही एमएसएमई क्लस्टर योजना, उद्यम रजिस्ट्रेशन के लाभ, इन्क्यूबेशन योजना, प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग स्कीम, स्फूर्ति योजना, जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट योजना के बारे में बताया साथ ही समय-समय पर मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के विकास के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# मेडिकल कॉलेज का सीएमओ के साथ डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार तहसील तिलोई अंतर्गत निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज का मॉडल देखा इसके उपरांत उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर निर्माण कार्य की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य स्थल पर मजदूरों की संख्या बढ़ते हुए शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण कराने के निर्देश दिए तथा उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित कार्यकारी संस्था को दिए।

ज्ञातव्य हो कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग इकाई अयोध्या द्वारा कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता पीके सिंह ने बताया कि 16.5 एकड़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें 300 बेड का अस्पताल, 100 सीटों का मेडिकल कालेज, एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज, गर्ल्स हॉस्टल आदि का निर्माण कराया जा रहा है।

डीएम ने कार्यदाई संस्था को सख्त निर्देश दिया कि मैन पावर बढ़ाकर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. रीना शर्मा, उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह, तहसीलदार तिलोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने गौरीगंज थाने का किया निरीक्षण

**अमेठी।** एसपी अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना गौरीगंज के थाना परिसर, कार्यालय, मेस, बैरिक आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज व उपस्थित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण को अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश, निर्देश दिये गये। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यातायात कार्यालय, जनपद नियंत्रण कक्ष, साइबर थाना गौरीगंज व यूपी112 कार्यालय, का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक आदेश, निर्देश दिये गये

### मोबाइल मिलते ही छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**फुरसतगंज, अमेठी।** पंकज माहेश्वरी स्मृति महाविद्यालय, नन्दग्राम, जायस में उत्तर प्रदेश सरकार एवं योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना नारी सशक्तिकरण एवं डिजिटल इण्डिया के अन्तर्गत इस सत्र की मोबाइल के मिले पहली खेप का वितरण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्रा व प्रबंधक मनोज माहेश्वरी द्वारा छात्र छात्राओं को किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक मनोज माहेश्वरी ने कहा कि योगी उत्तर प्रदेश के विकास के लिये संकल्पित हैं। युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त कर प्रदेश के विकास को गति देने के लिये हर युवा को मोबाइल दिया जा रहा है, पर यह युवाओं को भी सोचना होगा कि वह इस अस्त्र का सदुपयोग करें दुरुपयोग नहीं। साथ ही आवश्यक होने पर ही इसका उपयोग करें। इस अवसर पर प्रवक्ता निदा सलीम, सफिया नकवी, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. माया शुक्ला, उत्तम राय आदि उपस्थित रहे।

### निदेशक स्वास्थ्य ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

**फुरसतगंज, अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज मे शनिवार को निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ के बीपी सिंह कल्याणी ने औचक निरिक्षण किया। जिसमें एमरजेंसी स्टाक रजिस्टर देखा डेटल यूनिट लेबर रूम में स्टाप नर्स ममता से आपरेशन डिलेवरी रजिस्ट्रार व नार्मला डिलेवरी रजिस्टर चेक किया। अस्पताल परिसर में फाइलेरिया दवा के बारे में जानकारी ली गई। वहीं दंत चिकित्सक विजय बहादुर के कक्ष पर पहुंचकर स्टूमेंट को देखा व चेयर देखी गई। कोल्ड चेन कक्ष पहुंचकर स्वास्थ्य पर्वक्षक ने राजकुमारी से आईस पैक के बारे मे जानकारी ली। फायर सिलेण्डर के बारे जानकारी ली, टीकारण कक्ष देखा, अस्पताल परिसर की साफ सफाई देखी। इस मौके पर डाक्टर एचपी यादव, डा. संध्या सिंह, डाक्टर शहनाज खान, सीबी सिंह चौहान, कंचन यादव, अम्बे साधना सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं को राम कथा का कराया रस पान

**अमेठी।** भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन शनिवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य श्री शान्तनु महाराज ने श्रद्धालुओं को राम कथा रस पान कराते हुए धनुष यज्ञ और भगवान श्री राम के विवाह का प्रसंग सुनाया। गुरुदेव विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुर में प्रवेश किए हैं। जनकपुर क्या है, जनकपुरी विशेष प्रकार का नगर है। जिसमें साक्षात भक्ति महारानी सीता जी बैठी हैं और भगवान भक्ति को प्राप्त करने के लिए जा रहे हैं। इसलिए जब भी जीवन में भक्ति व अध्यात्म की यात्रा करनी हो तो गुरु का सानिध्य में चाहिए।

### आई फाउंडेशन ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**अमेठी।** कंपोजिट विद्यालय गरथोलिया शाहगढ़ अमेठी में आई फाऊंडेशन ने करवाई बच्चों के बीच मजेदार और रोचक पूर्ण भाषण एवं कला प्रतियोगिता जिसमें बच्चों ने अनेक विषयों पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत सारी मजेदार बातें सबके सामने रखी। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी को रोमांचित कर दिया। इस प्रतियोगिता में जूनियर हाई स्कूल प्राथमिक एवं आंगनबाड़ी विद्यालय के सभी 300 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिप्रा मलिक उपाध्यक्ष उड़ान क्लब एच.ए.एल. कोरवा एवं ममता सरकार बी.ई.ओ शाहगढ़ ब्लॉक अमेठी ने कार्यक्रम को ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में मौजूद सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित और प्रसन्न नजर आए, बच्चों को अनेकों उपहार, स्टेशनरी के समान, मजेदार स्नेक्स एवं एक शानदार लंच भी आई फाऊंडेशन की तरफ से दिए गए।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक गंभीर

**सरेनी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सराय बैरियाखेड़ा गांव निवासी पवन सिंह (22) पुत्र सूरज बक्श सिंह उर्फ टीटी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर युवक को लालगंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शनिवार को धनपतगंज थाना क्षेत्र के अगई गांव निवासी वीरु (22) पुत्र नंदलाल का शव घर के अंदर कमरे में साड़ी के सहारे लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पंडित त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## यौन अपराध के तीन दोषियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिले में किशोरियों के साथ हुए यौन अपराध के तीन दोषियों को पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने शनिवार को सजा सुनाई है। सरकारी वकील रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में घर में घुसकर किशोरी से मारपीट व धमकी के आरोपी अवधेश कुमार को कोर्ट ने एक साल जेल और 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी अदालत ने कादीपुर थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी महेंद्र पाल को तीन साल की जेल और तीन हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। एक अन्य मामले में इसी थाना क्षेत्र में कक्षा सात की छात्रा से पांच साल पूर्व छेड़छाड़ करने के आरोपी बृजेंद्र को कोर्ट ने तीन साल जेल और तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## नलकूप का दरवाजा तोड़कर चोरी के बाद लगाई आग

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने नलकूप का दरवाजा तोड़कर आगजनी करते हुए कृषि यंत्र चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा निवासी लल्लू सिंह पुत्र राम करन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी नलकूप में बीती रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर विद्युत मीटर, दो झटका मशीन, दो बैटरी और एक चार्जर चुरा ले गए।

## 65 जोड़ों ने लिए सात फेरे तो एक ने कबूला निकाह

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 65 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज व एक जोड़े का निकाह कराया गया। ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल ने सभी नवविवाहित जोड़ों को नए जीवन की शुरुआत करने का आशीर्वाद दिया। समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में अखण्डनगर, कादीपुर व बल्दीराय ब्लाको से भी जोड़ो ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में भाग लिया। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह में 65 जोड़ों का वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराया गया। वहीं एक मुस्लिम जोड़े का निकाह हाजी ने कराया।भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरूण जयसवाल ने सभी जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया। नव विवाहित जोड़ों का प्रमाणपत्र दिया गया। एडीओ समाज कल्याण अधिकारी कृष्णा नंद यादव ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए 51 हजार रुपये मिलते हैं।

# न्यायालय में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी, सुनवाई 13 को

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया।

कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने चार मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

## जानलेवा हमले के दो आरोपियों की जमानत खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र जगदीशपुर के पिछूती में बीते साल रात में खेत की रखवाली कर रहे दलित घिसई पर धारदार हथियार व लाठी डंडे से मारपीट कर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों शुभम सिंह और रघुवीर सिंह की जमानत न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। वादी निर्मला के वकील रोहित अवस्थी ने जमानत पर विरोध जताया। उन्होने बताया कि वादी के पति घिसई 29 जनवरी 2023 की रात खेत की रखवाली करने गए थे जिन्हें अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार व लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर मृत छोड़कर भाग गए थे। गंभीर हालत में घिसई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज होने के बाद दौरान विवेचना आरोपियों का नाम प्रकाश में आया तथा गंभीर चोट को देखते हुए जानलेवा हमला व दलित उत्पीड़न के आरोप में चार्जशीट दाखिल हुई।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पाक्सो कोर्ट में हुई डॉक्टर की गवाही

संग्रामपुर थाना क्षेत्र में करीब तीन माह पूर्व नौ साल की बच्ची से हुए दुराचार के मामले में पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने शनिवार को लखनऊ में तैनात डॉक्टर सुधीर सिंह का बयान दर्ज किया। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने डॉक्टर से जिरह की। अधिवक्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के दिनेश पाल पर तीन माह पूर्व नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ व दुराचार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था।जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की त्वरित सुनवाई जारी है, जिसमें शनिवार को अभियोजन साक्षी आठ का बयान दर्ज हुआ। शनिवार को लखनऊ के डॉक्टर को गवाही में आना था लेकिन उनके नहीं पहुंचने से कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बयान और जिरह दर्ज की। मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को फिर नियत की गई है।

## सार-संक्षेप

### बीमारी से पीएसी के जवान की मौत

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** अंतू थाना क्षेत्र के खेतई का पुरवा उमरी निवासी राम सजीवन पाल के बेटा विवेक पाल (25) तीन वाहिनी पीएसी विशेष सुरक्षा बल मे सिपाही के पद पर चयन हुआ था। इस समय प्रयागराज के धूमनगंज में तैनाती थी। परिजनों के अनुसार वह गंभीर बीमारी से ग्रसित था। एम्स दिल्ली से इलाज चल रहा था। करीब बीस दिन पहले वह ड्यूटी से छुट्टी लेकर अपने घर पर आया था। घर पर ही रहकर इलाज करवा रहे थे। शुक्रवार की रात तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले गए, जहां उनकी मौत हो गई। रोते बिलखते परिजन शव लेकर घर पहुंचे। शनिवार को सूचना पर पहुंची अंतू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सिपाही की अभी अविवाहित था। वह दो भाइयों में सबसे छोटा था। एसओ जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बीमारी से सिपाही की मौत हुई है। परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सांसद संगम लाल पर भाजपा ने जताया भरोसा

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने भी प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। प्रतापगढ़ सीट से सांसद संगम लाल गुप्ता पर भाजपा ने लगातार दूसरी बार भरोसा जताया है। उनको 30 प्रतापगढ़ लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार घोषित किया है। शनिवार शाम इसकी आधिकारिक घोषणा के बाद उम्मीदवारी की अटकलों पर विराम लग गया। टिकट मिलने की सूचना पर संगम के समर्थकों ने खुशी जताई।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के प्रति जताई नाराजगी

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शाह आलम के नेतृत्व में एक से पांच मार्च तक शिक्षकों द्वारा सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश में विद्यालय के समस्त शिक्षण एवं आनलाइन कार्य अध्यापक अपने मोबाइल और सिम से करें। इसी मामले को लेकर शिक्षकों ने अपने बांह में काली पट्टी बांध कर सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। 11 मार्च को बीएसए कार्यालय में धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद के शिवगढ़ ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत जामताली बाजार में स्थित कम्पोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंचार्ज सहित सभी अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर शिक्षण कार्य के दौरान बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

### राम मंदिर निर्माण से खुश है बहुसंख्यक मुस्लिम समाज

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** गोकथा वाचक फैज खान ने कहा कि राम मंदिर निर्माण से बहुसंख्यक मुस्लिम समाज के लोग खुश हैं। नफरत वह फैला रहे हैं, जिनको राजनीतिक रोटी सेंकनी है। यानी अपना हित करना है। गोमांस का मुस्लिम धर्म से कोई वास्ता नहीं है। इस तरह का संदेश देकर वह चित्रकूट से अयोध्या की रामराज सद्भावना पद यात्रा कर रहे हैं। शनिवार को प्रतापगढ़ में अधिवक्ता शक्ति पीठ में आनंद प्रचंड के संयोजन में स्वागत किया गया। इस यात्रा में उनके साथ देवबंद के मौलाना राव मुसर्रफ, अब्दुल लतीफ हाशमी, रिजवान अली, मुन्ना लाल बजरंगी समेत अन्य लोग भी हैं। बेल्हा में अमन प्रचंड, यंग आर्मी अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सुनील मिश्र, विशाल राणा, चंद्रभान गौतम, जगदीश सिंह, राजभवन सिंह, हिमांशु सिंह, विवेक गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव, विनय आदि ने माला पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। छत्तीसगढ़ के फैज ने साफ कहा कि राम तो सब के हैं। भारत समेत दुनिया में गोहत्या बंद होनी चाहिए। बताया कि वह छह मार्च को अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। वहीं फैज ने औवेसी जैसे नेताओं को मुस्लिम विरोधी बताया।

### सोनिया को प्रयागराज से प्रत्याशी बनाने की मांग, लगाये पोस्टर

**प्रयागराज। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बाद इलाहाबाद संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में आने से प्रयागराज में कांग्रेसी नेता जहां उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं प्रत्याशियों में चुनाव को लेकर कौतुहल मचा हुआ है। शनिवार को प्रियंका गांधी वाड्रा के पैतृक निवास आनंद भवन के बाहर कांग्रेसियों इस पोस्टर लगाकर प्रियंका गांधी को इलाहाबाद संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की मांग उठाई है। सपा, भाजपा और कांग्रेस के साथ बसपा ने भी कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बाद इलाहाबाद संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में आने से प्रयागराज में कांग्रेसी काफी खुश नजर आ रहे है। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं भी प्रियंका गांधी के पैतृक आवास के बाहर सोनिया का पोस्टर लगाकर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज सीट से सोनिया गांधी को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग करते हुए पोस्टर लगा दिया। कांग्रेस महिला कमेटी की जिलाध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि जिस तरह से इंदिरा गांधी ने देश कि सेवा की है। प्रयागराज की जनता की सेवा की है उसी तरह से प्रियंका गांधी को भी प्रयागराज से चुनाव मैदान में उतारा जाये।

### वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल : देश का प्रतिनिधित्व कर रहीं कानपुर की वैष्णवी

**प्रतापगढ़/कानपुर। अमृत विचार :** पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्राचार्य की बेटी वैष्णवी श्रीवास्तव ने देश का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। रूस की ओर से आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में वैष्णवी भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। चयनित होने पर कालेज के शिक्षकों ने प्राचार्य का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। कानपुर के शारदा नगर की वैष्णवी का चयन यूथ फेस्टिवल के यंग आईटी प्रोफेशनल फॉर कंप्यूटर कैटेगरी में हुआ है। इस कैटेगरी में देश भर से 200 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इनमें वैष्णवी की सबसे कम उम्र 20 साल है। वैष्णवी कहती हैं कि यूथ फेस्टिवल में शामिल होने के लिए एक साल तक चयन प्रक्रिया चली। निबंध लिखने के साथ इंटरव्यू के कई राउंड हुए। अंतिम राउंड के इंटरव्यू में एक मिनट के भीतर तीन सवालों के जवाब देने के बाद उनका चयन हुआ है।

# पत्नी की हत्या कर युवक ने खुद को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, मेजा/नैनी, प्रयागराज

**घटना**

▶▶ पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव घटना की जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार:** मेजा के दंपति की भदोही के कोईरौना थाना क्षेत्र के चकिया गांव स्थित साढ़ू के घर में शनिवार सुबह रक्तरंजित शव मिलते ही हड़कंप फैल गया। पत्नी पंद्रह दिन पहले जबकि पति चार दिन पहले मेजा से चकिया गांव पहुंचा था। बताया जा रहा है शनिवार सुबह पति-पत्नी में विवाद के बाद पति ने पहले पत्नी की हत्या किया। उसके बाद खुद के गले पर धारदार हथियार से वार कर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना से मेजास्थित दंपति के घर कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंची भदोही कोइरौना थाने की पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतको के परिजनों को सूचना कर दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मेजा के दिघिया गांव निवासी कमला शंकर निषाद के चार लड़कों में तीसरे नंबर के राजेश निषाद (32) की शादी बर्ष 2021 में परवा निवासी शन्नो देवी (26) के साथ हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी आजीविका की तलाश में गोवा चले गए और वहीं रहने लगे। बताया जा रहा है कि वहीं दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद शन्नो नाराज होकर पंद्रह दिन पहले चकिया गांव निवासी अपनी बहन सुधा के यहां चली आई। राजेश भी उसी दिन अपने गांव चला आया। चार दिन पहले वह अपनी पत्नी को बुलाने के लिए चकिया गांव स्थित साढ़ू के घर गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात एक बार फिर दोनों पति- पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इस पर सुधा ने समझाबुझा कर मामला शांत करा दिया था। लेकिन शनिवार तड़के सुबह पत्नी-पति के बीच फिर से विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि पति ने पहले गले पर धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद अपने गले पर भी वार कर खुद अपनी जान दे दी। घटना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के बाद मौके पर पहुंची भदोही कोइरौना थाने की पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतकों के परिजनों को सूचना कर दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जबकि परिवार के लोग चकिया गांव के लिए सुबह ही रवाना हो चुके है। पिता का कहना है कि घटना की जानकारी पाकर जब मौके पर पहुंचे तो सुधा ने बताया कि राजेश ने पहले अपनी पत्नी को मारा और फिर खुद को मार दिया। मामले में घटना के बाद मेजा थाने की पुलिस भी दिघिया पहुंची। उस दौरान स्थानीय पुलिस मौका मुआजना कर वापस लौट गयी।



### एबीवीपी ने राम की थ्रीडी रंगोली बना जीता खिताब

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** संगम नगरी में लगने वाले माघ मेले में 22 जनवरी राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने श्रीराम लला की थ्रीडी रंगोली बनाई थी। जो विश्व की सबसे बड़ी रंगोली का किताब जीत चुकी है। राष्ट्रीय कला मंच द्वारा श्री राम लला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के दिन बनाई गई रंगोली को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज किया गया है। इसकी सूचना एबीवीपी के पदाधिकारी एक भी दी गई है। इस रंगोली को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं इस माघ मेले में 22 जनवरी को बनाया था। यह रंगोली आलोक कुमार सिंह की अगुवाई में तैयार की गई थी। परिषद के प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव मिश्रा ने अमृत विचार से बताया कि इस रंगोली की चौड़ाई 30 फीट और लंबाई 50 फिट है। कलाकारों ने इस रंगोली में श्रीराम और राम मंदिर को बहुत ही सुंदर और भव्य तरीके से अलौकिक रूप देकर बनाया था। रंगोली में अयोध्या के नवनिर्मित श्री राम लला के भव्य मंदिर को भी दर्शाया गया है। रंगोली में 50 से ज्यादा रंगों का प्रयोग किया गया है। आलोक ने बताया कि 321 किलोग्राम रंगोली का कलर मिलाकर इसे तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिए ये बड़े ही गर्व की बात है कि रंगोली को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

## आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में छात्रों की जीत, मनाया जश्न

संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ मुख्यमंत्री के आदेश के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की भर्ती परीक्षा निरस्त कराने की मांग पर अड़े छात्रों की जीत हो गयी। शनिवार को सीएम योगी के दोबारा परीक्षा कराये जाने के आदेश आने के बाद लगातार प्रदर्शन और अनशन पर बैठे छात्रों ने अपने धरने को समाप्त करते हुए एक दूसरे को गले लगाया। इस दौरान छात्रों की आंखो में आंसू भी निकल रहे थे।

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मामले में छात्र छात्राओं का प्रदर्शन लगातार चल रहा था। कभी आयोग गेट के बाहर तो कभी धरना स्थल पर हंगामा चल रहा था। बीते एक सप्ताह से लगातार धरना स्थल पर बैठे छात्रों को शनिवार को उनके संघर्ष में जीत मिल गयी। योगी सरकार के फैसले के बाद से आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। जो अभ्यर्थी थोड़ी देर पहले तक धरने पर बैठकर नारेबाजी कर रहे थे , अब छात्र अब जश्न से झूम उठे। छात्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जयकारे भी लगाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके संघर्ष की जीत हुई है। अभ्यर्थियों ने सीएम योगी का बार-बार आभार जताया। धरना स्थल पर पिछले कई दिनों से लगातार धरने पर बैठे अभ्यर्थी गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दी। कई अभ्यर्थी तो इतने भावुक हो गए हैं कि उनकी आंखों से आंसू निकलने लगे। छात्रों ने कहा उनका भविष्य डूबने से बच गया।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में मनेगा एकता महोत्सव

संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ़



एकता महोत्सव की तैयारी बैठक को सम्बोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम में आगामी सात, आठ व नौ मार्च को राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों को लेकर शनिवार को तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी शामिल हुए।

डीएम संजीव रंजन ने अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि महोत्सव को पूरी भव्यता से मनाया जाएगा। महोत्सव मे आने वाले श्रद्धालुओं, कलाकारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए। महाशिवरात्रि पर दर्शन पूजन को लेकर मुख्य मंदिर परिसर से मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल के प्रबन्धो को और बेहतर बनाये जाने को कहा। बाबा धाम के सभी मार्गो को भी दुरूस्त किये जाने के साथ महोत्सव को लेकर दिनरात निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित बनाये जाने के निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसपी संजय राय को बेहतर प्रबंध के निर्देश दिए। सई नदी के घाट पर नाव व बैरीकेटिंग में भी सतर्कता के निर्देश दिये। डीएम ने जल निगम, नगर पंचायत, सांगीपुर व लालगंज ब्लाक के अधिकारियों को भी महोत्सव को लेकर उत्तरदायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिये। एसडीएम लालगंज प्रवीण द्विवेदी को सीओ के साथ समन्वय कर सभी तैयारियों की नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिये। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महोत्सव मे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, अन्य आयोजन से जुड़े बिंदुओं को रखा। बैठक में सीडीओ नवनीत सेहारा, एएसपी संजय राय, एसडीएम प्रवीण, आयोजन समिति की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद, सीओ रामसूरत, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप, अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल आदि रहे।

## ट्रिपलआईटी को भेजा फर्जी ई मेल, बदनाम करने की साजिश

▶▶ कुलसचिव ने दर्ज कराया मुकदमा

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार:** शहर के झलवा स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ इन्फार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी को फर्जी ईमेल कर बदनाम करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कुलसचिव सतीश कुमार सिंह ने एयरपोर्ट थाने में आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में कुलसचिव का कहना है कि 14 जनवरी को उन्हें एक ईमेल मिला है। जो कि जोगेंद्र उर्फ दीप प्रकाश के नाम से भेजे गया है। इस ईमेल में संस्थान में फर्जी नियुक्ति और अन्य अनियमिताओं का बेवजह आरोप लगाए गया है। इतना ही नहीं संस्थान की महिला अधिकारियों, वर्तमान व पूर्व उच्च अधिकारियों को भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की है। इस मामले में एयरपोर्ट थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज जानकारी की जा रही है कि ईमेल भेजने वाला व्यक्ति कौन और कहा का है।

### मेजा के युवक की भूटान में हुई मौत

**मेजा/नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** यमुना नगर स्थित मेजा के बरवा गांव निवासी युवक रमेश चंद्र बिंद की भूटान में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। हर किसी का रो रो कर बुरा हाल है। बरवा गांव निवासी रमेश चंद्र बिन्द (40) पुत्र रामलाल बिंद भूटान के जेपी कंपनी में काम करता था। शुक्रवार रात में रमेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उन्हें फोन से रमेश के मौत की जानकारी मिली। अचानक हुई मौत से पिता रामलाल बिंद, मां केवलापत्ती और मृतक की पत्नी इंद्राणी और दो बच्चों हिमांषु तथा आयुषी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मौत के बाद पुलिस उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। कंपनी के द्वारा परिजनों को कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है कि शव कैसे और कब घर पहुंचेगा।


## वर्ग पहेली-360

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



### वर्ग पहेली - 359 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

# भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र अभियान की प्रयागराज में हुई शुरुआत

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी गंगापार जिला कार्यालय सिविल लाइंस में जिलाध्यक्ष कविता पटेल के नेतृत्व में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रभारी उत्तर कुमार मौर्य, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, विधायक गुरूप्रसाद मौर्य एवं प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी एवं निर्मला पासवान सहित पार्टी पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने बताया कि चार दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत संकल्प पत्र अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचना है ताकि वे विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के तहत आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, आकांक्षाओं और विचारों को जानने का पार्टी ने लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला प्रभारी उत्तर कुमार मौर्य ने बताया कि जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। इसके अलावा मोबाइल में मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो एप के जरिए भी लोग अपने सुझाव दे सकते हैं। इस संकल्प पत्र के जरिए देश का हर वोटर अपने सुझाव दे सकता है। सांसद केशरी देवी पटेल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपील करते कहा कि वह अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के सुझाव भाजपा के पास पहुंच सकें। जिला प्रवासी प्रशांत केसरी ने कहा कि इस अभियान में प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियां लगाई जाएंगी। वहीं, एलईडी प्रचार वाहन चलाए जाएंगे, जिससे गांव-गांव में मोदी सरकार के विकास का संदेश प्रसारित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनिरूद्ध पटेल, जिला महामंत्री मनोज निषाद, जिला मंत्री अमर जीत कुशवाहा, जिला मंत्री तुलसीराम सरोज, संतोष शुक्ला, महेश पांडेय, जीलाध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मी कांत उपाध्याय, डीसीएफ चैयरमैन अजय पांडेय, देवेन्द्र गिरी, ओम प्रकाश गिरी, रीता, रूपम, संगीता, विष्णु देव, निमिष खत्री, उमेश तिवारी, शुशील त्रिपाठी, राजू शुक्ला, राजू पाल, आत्मधार दुबे, राहुल चौधरी, आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी ने किया।



## सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |

### सुडोकू - 76 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08 .44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15 .55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

**वृष:** आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा, जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

**मिथुन:** आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

**कर्क:** आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

**सिंह:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

**कन्या:** आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला:** आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

**वृश्चिक:** आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

**धनु:** आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

**कुंभ:** आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

**मीन:** आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .26
भाई जी सुपरहिट — रात : 08 .28

**SONY MAX**
ता रा रम पम — सुबह : 09 .45
12 वीं फेल — रात : 07 .00

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .49
सर्चिंग — रात : 08 .59

**ZEE CINEMA**
तलाश — सुबह : 10 .30
कृष — रात : 10 .00

**colors CINEPLEX**
दोस्ताना — सुबह : 09 .35
कभी खुशी कभी गम — रात : 10 .18

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

# टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, ''टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है।

### बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा-आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

### बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

### बारामती में नमो रोजगार मेले में शामिल हुए शरद पवार

**बारामती।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को अपने आवास पर भोजन के लिए बुलाया। वहीं शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

## यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

लोकसभा चुनावः 2024



-वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
-कैराना से प्रदीप कुमार
-मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
-नगीना से ओम कुमार
-रामपुर से घनश्याम लोधी
-संभल से परमेश्वर लाल सैनी
-अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
-गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
-बुलंदशहर से भोला सिंह
-मथुरा से हेमा मालिनी
-आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
-फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
-एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया)
-आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
-शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
-खीरी से अजय मिश्रा टेनी
-धौरहरा से रेखा वर्मा
-सीतापुर से राजेश वर्मा
-हरदोई से जय प्रकाश रावत
-मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
-उन्नाव से साक्षी महाराज
-मोहनलालगंज से कौशल किशोर
-लखनऊ से राजनाथ सिंह
-अमेठी से स्मृति ईरानी
-प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
-फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
-इटावा से राम शंकर कठेरिया
-कन्नौज से सुब्रत पाठक
-अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
-जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
-झांसी से अनुराग शर्मा
-हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
-बांदा से आरके सिंह पटेल
-फतेहपुर से निरंजन ज्योति
-बाराबंकी से उपेंद्र रावत
-फैजाबाद से लल्लू सिंह
-अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
-श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
-गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
-डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
-बस्ती से हरीश द्विवेदी
-संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
-महराजगंज से पंकज चौधरी
-गोरखपुर से रवि किशन
-कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
-बांसगांव से कमलेश पासवान
-लालगंज से नीलम सोनकर
-आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
-सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
-जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
-चंदौली से महेंद्र पांडेय।

### एक नजर

#### केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

#### महाराष्ट्र में खड़ी ट्रेन के कोच में आग लगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गयी। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी। उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, ''रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

## त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और सीमा से संबंधित 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और टिपरा मोथा के साथ लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के लिए यह आखिरी समझौता है।

## अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

### उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

## तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**चेन्नई।** चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

### ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

## हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

### बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

## आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

### मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर



इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

### अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

## रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद



रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 73,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,500-48,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 720 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,700 |
| चांदी आभूषण | 72,900। |

## विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

## भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा




एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

## चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

**चेन्नई, एजेंसी**

**इंडियन प्रीमियर लीग**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के पहले बैच के आने की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और फिर द. अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

## मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को सात विकेट से हराया

**बेंगलुरु, एजेंसी**



मुंबई इंडियंस ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एकतरफा टी-20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 29 गेंद रहते 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करती दिखीं, जिससे टीम 6 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने बल्लेबाजी में भी दबदबा बनाते हुए यह लक्ष्य 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया।

मुंबई की टीम 4 मैच में तीसरी जीत से 6 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई के लिए अमेलिया केर नाबाद 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। यास्तिका भाटिया ने 31, हेली मैथ्यूज ने 26 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही नैट साइवर ब्रंट ने 27 रन का योगदान दिया। यास्तिका ने 16 गेंद में 4 चौके और 2 छक्के से 31 रन बनाकर टीम की तेज शुरूआत कराई। फिर मैथ्यूज और नैट साइवर ब्रंट ने उपयोगी योगदान दिया। अमेलिया की 24 गेंद में 7 चौके जड़ित नाबाद पारी से मुंबई ने आसान जीत दर्ज की। इससे पहले आरसीबी के लिए अगर एलिसे पैरी ने नाबाद 44 रन और जॉर्जिया वारेहैम ने 27 रन नहीं बनाए होते तथा दोनों ने छठे विकेट के लिए 52 रन की भागीदारी नहीं की होती तो आरसीबी इस स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाती।

मुंबई की टीम कप्तान हरमनप्रीत और मुख्य तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के बिना उतरी जो चोटों से उबर रही हैं, लेकिन मैदान में उनकी कमी नहीं खली। आरसीबी की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज संयम से नहीं खेल सकीं और मुंबई की गेंदबाजों की सही लाइन लेंथ के आगे टिक नहीं सकीं। कप्तान स्मृति मंधाना (11 गेंद में 9 रन) धैर्य खोने से तेज गेंदबाज इसी वोंग की गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाने की कोशिश में नैट साइवर ब्रंट को आसान कैच देकर आउट हुईं। टीम की शीर्ष क्रम की अन्य बल्लेबाज ऋचा घोष और एस मेघना के साथ भी ऐसा हुआ। ऋचा को पूजा वस्त्राकर ने अपना शिकार बनाया और मिड ऑफ में संजना संजीवन को कैच देकर आउट हुईं। मेघना को नैट साइवर ब्रंट ने आउट किया। पैरी ने हालांकि दिखाया कि ऐसी पिच पर रन कैसे जुटाए जाते हैं, उन्होंने गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाने के लिए सही गेंद चुनीं। उन्होंने लेग स्पिनर अमेलिया केर पर लगातार गेंदों पर पुल और कट शॉट से बाउंड्री लगाई।

## खेल डायरी

### प्राग मास्टर्सः भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली



**प्राग, एजेंसी।** भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञाननंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

### एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

**मैक्सिको ओपन**

**अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

### जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

**सैन डिएगो, एजेंसी।** जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

### मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका



**पेरिस, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।

## देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

**रणजी सेमीफाइनल** दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए



**मुंबई, एजेंसी**



तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।

अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

## मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

**नागपुर, एजेंसी**



आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

## यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

**शिकागो, एजेंसी**



अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

## फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी**

**न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला**



ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।



# बॉलीवुड हलचल

## समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी




**मुंबई, एजेंसी।** रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

## दिल्ली मेरे लिए दूसरा घरः आकांशा रंजन



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

## तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योर्तिलिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्ननाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योर्तिलिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।

## फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

## मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**


# जगमग हुआ जामनगर... प्री-वेडिंग में जुटीं हस्तियां


अनंत-राधिका


मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

**जामनगर।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।


पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग


क्रिकेटर डॉयने ब्रावो


पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

# डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने



कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

### आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

### दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

### खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

## एक नजर

### भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

### बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

**कराची।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

### गाजा में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की गई जान

**गाजा।** हमास ने शनिवार को कहा कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हजार के पार हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में हुई हैं। इजराइल ने हवाई हमले से दो घरों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि गाजा शहर में अल-जायतून, ताल अल-हवा, अल-सबरा और अल-दराज के पड़ोस पर हवाई हमलों में दस लोग मारे गए।

### ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

**दुबई।** ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

# चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

## विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्तान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा।



दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

### इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत



पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

## अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

**न्यूयॉर्क/सूरी।** कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।



भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे।


शनिवार को गुवाहाटी में फेरी टर्मिनल का शिलान्यास करते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

# सीएए का विरोध करने वाले शीर्ष कोर्ट जाएं: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले- असम में शांति भंग करना ठीक नहीं

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस कानून का विरोध करने वालों को शीर्ष अदालत में जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, एक वर्ग सीएए का समर्थन कर रहा है। उनमें एक मैं भी हूं। लेकिन उसी समय असम में कई लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं।

हमें दोनों के नजरिए को देखना होगा। हमें सीएए का समर्थन या विरोध करने पर किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें असम में शांति भंग करने के बजाए सर्वोच्च न्यायालय में जाना चाहिए। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता पाने में आसानी होगी। बशर्ते ऐसे अल्पसंख्यक 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति का कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत इस नियम को आसान बनाया गया है।

# मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान


इंफाल, एजेंसी

- राहत शिविरों में बनेगा विशेष केंद्र, चुनाव आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे।

### लाहौल स्पीति फिर बंद...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

# अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।



### एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

## अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

# इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक



समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।

## विज्ञान

कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

# यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों


यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

### चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

# अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।